Website:- www.Janmarg.com
TITLE CODE:- T/RJ/2024/211
e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 16.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 265 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692



हिना ने सिद्धिविनायक मंदिर के लिए दर्शन 4

## भारत को समझने के लिए अध्यात्म को आत्मसात करना होगा : मोदी

### » पीएम मोदी ने मुंबई में किया इस्कॉन मंदिर का लोकार्पण

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई में एशिया के दूसरे सबसे बड़ेइस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर 9 एकड़ में फैला है। मोदी ने कहा कि भारत को समझने के लिए अध्यात्म को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। सरकार भी इस्कॉन की तरह सेवा के भाव से काम कर रही है। पीएम ने कहा कि जब देश गुलामियों की बेड़ियों में जकड़ा था, तब प्रभुपाद जी स्वामी इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। इस मंदिर में भी अध्यात्म और सभी परंपरा के दर्शन होते हैं। यहां रामायण, महाभारत का म्यूजियम बनाया जा रहा है। भारत एक जीवंत धरती है, जीवंत संस्कृति है। इस संस्कृति की चेतना है यहां का अध्यात्म। इसलिए भारत को समझना है, तो हमें पहले अध्यात्म को आत्मसात करना होता है। इस्कॉन जिस तरह से सेवा के भाव से काम कर रही है, हमारी सरकार भी ऐसे ही काम कर रही है। सेवा की यही भावना सच्चा सामाजिक न्याय लाती है। सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। हमारी सरकार कृष्णा सर्किट के माध्यम से देश के अलग-अलग तीर्थों और धार्मिक स्थानों को जोड़ रही है। इस सर्किट का विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक है। वृन्दावन के 12 जंगलों का प्रतिरूप बनाया जा रहा है। प्रभुपाद जी का मेरे जीवन में अलग स्थान मेरे जीवन में प्रभुपाद जी स्वामी का अलग स्थान है। जब सबसे बड़ी गीता का के संस्करण लोकार्पण के वक्त मुझे बुलाया था। उसका फल मुझे मिला। जब देश गुलामियों की बेड़ियों में जकड़ा था तब उन्होंने इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है।। आज वो भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं। दुनियाभर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो 24 घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है।



## विमेंस इंडिया ने आयरलैंड को 304 रन से हराया



जनमार्ग न्यूज

**मुम्बई।** भारतीय महिला टीम ने बुधवार को राजकोट में आयरलैंड के खिलाफ तीसरा वनडे 304 रन से जीता। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। टीम की रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 249 रन का था, जब टीम ने 2017 में आयरलैंड को ही हराया था। टीम ने इस मैच में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर रिकॉर्ड 435 रन बनाए। तीन दिन पहले भारत ने आयरलैंड के ही खिलाफ 370 रन बनाए थे। यह विमेंस वनडे क्रिकेट का चौथा हाईएस्ट स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। कीवी टीम ने 2018 में आयरलैंड के ही खिलाफ 491 रन बनाए थे। उधर, कप्तान स्मृति मंधाना ने 70 गेंद में शतक लगाया। वे भारत की ओर से वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वालीं महिला क्रिकेटर बन गई हैं।

## राजस्थान में तीन पुलिस संभागों को किया खत्म

जनमार्ग न्यूज

**जयपु।** राजस्थान में पुलिस प्रशासन को बेहतर और अधिक संगठित बनाने के उद्देश्य से पाली, बांसवाड़ा और सीकर पुलिस रेंज को खत्म कर दिया गया है। अब प्रदेश में कुल सात पुलिस रेंज होंगी। इन रेंजों का पुनर्गठन किया गया है, जिसके तहत जयपुर और जोधपुर पुलिस रेंज सबसे बड़े रेंज बन गए हैं, जहां आठ-आठ जिले शामिल होंगे। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में इस बदलाव को लागू किया गया है। बताते चलें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान बनाए गए पाली, बांसवाड़ा और सीकर रेंज को हाल ही में भजनलाल सरकार द्वारा खत्म किया गया था। इसके साथ ही इनसे जुड़े संभाग और 9 नए जिलों को भी समाप्त किया गया था। इन रेंजों को खत्म करने के बाद पुलिस जिलों को सात प्रमुख रेंजों में पुनः शामिल कर दिया गया है। इस बदलाव के बाद जयपुर और जोधपुर रेंज में सबसे अधिक 8-8 जिले होंगे। इससे पुलिस प्रशासन को सुव्यवस्थित करने और क्षेत्रीय जिम्मेदारियों को पुनः निर्धारित करने का प्रयास किया गया है।

## देश को मिले 3 नए युद्धपोत



### ● अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से बढ़ेगी नेवी की ताकत

जनमार्ग न्यूज

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एकसाथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचाईं। हजारों करोड़ रुपए के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और 7 सबमरीन को शामिल किया गया।

## केजरीवाल ने नई दिल्ली सीट से भरा नामांकन



जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली सीट से नॉमिनेशन फाइल किया। नॉमिनेशन से पहले उन्होंने वाल्मीकि मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे हनुमान मंदिर पहुंचे। पूजा के बाद उन्होंने कहा कि भगवान मेरे साथ है। इसके बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ रैली करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद केजरीवाल ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों को कहना चाहूंगा कि काम के लिए वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है और दूसरी ओर गाली-गलौज वाली पार्टी है। हम इस बात पर चुनाव लड़ रहे हैं कि पिछले 10 सालों में क्या काम हुआ है। इधर भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को जूते बांटने के आरोप में एफआईआर हुई है। इलेक्शन कमीशन के रिटर्निंग ऑफिसर ने दिल्ली पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए चिट्ठी लिखी है।

## गेहूं पीसने की चक्की से महिला के हुए 2 टुकड़े

जनमार्ग न्यूज

**सीकर।** गेहूं पिसवाने के दौरान महिला का शॉल चक्की में फंस गया। वह चक्की (मशीन) के पट्टे के साथ खिंचती चली गई। देखते ही देखते महिला के दो टुकड़े हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन और आसपास के लोग महिला के शरीर के टुकड़ों को कपड़े में लपेटकर हॉस्पिटल लेकर गए। हादसा सीकर के खाटूश्यामजी थाना इलाके में बुधवार सुबह 11 बजे हुआ। खाटूश्यामजी एसएचओ राजाराम लेघा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतका चंद्रकांता (53) पत्नी रामस्वरूप शर्मा डुकिया गांव की रहने वाली थी। उनके घर की गली में चक्की लगा ट्रैक्टर आया था। महिला गेहूं पिसवाने के लिए इस मोबाइल चक्की के पास गई थी। वह चक्की के पास खड़ी थी। उसने साड़ी और शॉल पहना हुआ था।

## एक्सप्रेस हाईवे पर एक दर्जन वाहन टकराए

- धागा और लकड़ियों लदे दो ट्रकों में आग लगी
- दो वाहन चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में राजियासर थाना क्षेत्र में अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे हाईवे पर गांव ठेठार के नजदीक आज सुबह घने कोहरे के कारण एक के बाद एक अनेक वाहनों में भिड़ंत हो गई। दो ट्रकों में आग लग गई जिन में धागा और लकड़ी के फट्टे लदे हुए थे। दो वाहन चालक घायल हो गए, जिनको निकटवर्ती हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भीषण दुर्घटना होने का पता चलते ही राजियासर पीलीबंगा और पल्लू थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। आग बुझाने के लिए चार दमकल कई घंटे तक लग रहे। गनीमत रही कि किसी के कोई गंभीर चोट नहीं आई। जिन वाहनों में भिड़ंत हुई, उनके चालक तथा उनमें सवार अन्य व्यक्ति दो ट्रकों में लगी आग को देखकर तुरंत ही उतरकर इधर-उधर हो गए। इस हादसे के कारण काफी देर तक एक्सप्रेस-वे हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी माहौल रहा। आज सुबह लगभग 8 धुंध के कारण ट्रकों सहित करीब एक दर्जन वाहन आपस में टकरा गये। हादसे में सात ट्रक व अन्य वाहनों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का रिकवरी वाहन भी शामिल रहा।एक के बाद एक पीछे से टकराते चले गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो ट्रकों में आग लग गई। जिससे वे पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे के चलते एक्सप्रेस हाईवे की बीकानेर की तरफ जाने वाली लेन करीब 6 घण्टे तक बंद रही। वहीं ट्रकों में आगजनी से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहनों के टकराने से हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

## बजट में हजार की घोषणा, मिलेंगे आठ सौ रुपए

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** राज्य की भाजपा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के स्टूडेंट्स को स्कूल बैग और यूनीफॉर्म खरीद के लिए प्रत्येक स्टूडेंट को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा बजट में की थी। अब वित्त विभाग ने इसी घोषणा के तहत हर स्टूडेंट को आठ-आठ सौ रुपए देने के आदेश दिए हैं। सेशन समाप्त होने से कुछ समय पहले यूनीफॉर्म के लिए रुपए दिए जा रहे हैं, उसमें भी दो सौ रुपए की कटौती कर दी गई है। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक ने मंगलवार रात इस संबंध में आदेश जारी किए। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश में कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट भाषण में कहा गया था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के छात्र9छात्राएं स्कूल में हीन भावना से ग्रस्त न हो, तथा उन्हें भी शिक्षा के लिए आवश्यक स्कूल, बैग, किताब तथा यूनीफॉर्म उपलब्ध हो सके।

## जाट नेता को जिलाध्यक्ष बनाकर समाज को साधने की तैयारी में भाजपा

● जिलाध्यक्ष पद के लिए सुरेन्द्र भांभू को मिल सकता है मौका ● पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान में नए जिलाध्यक्षों की तलाश में जुटी हुई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश में नए जिलाध्यक्षों को लेकर वरिष्ठ नेताओं को भेजा जा रहा है, जिसके चलते शीघ्र नए जिलाध्यक्षों की घोषणा हो सकती है। बीजेपी पार्टी श्रीगंगानगर जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान आठ में से सिर्फ दो विधानसभा क्षेत्रों पर जीत हासिल कर सकती थी। इसका मुख्य कारण जाट बिरादरी की भाजपा से नाराजगी को माना जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी श्रीगंगानगर जिले में जाट बिरादरी के ईमानदार व काबिल नेता को जिलाध्यक्ष बना सकती है। पूर्व में जाट समाज के आत्माराम तरड़ को जिलाध्यक्ष बनाया जा चुका है। इस दौरान भाजपा को जिले में अच्छे वोट प्राप्त हुए थे तथा प्रत्येक समाज के साथ जुड़ाव रहा। आत्माराम तरड़ भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं, इसके चलते अब पार्टी जाट समाज के किसी काबिल नेता की तलाश में जुटी हुई है। वहीं सूत्रों के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र भांभू हर तरीके से जिलाध्यक्ष पद के लिए काबिल नजर आ रहे हैं। वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र भांभू इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी में जिला उपाध्यक्ष सहित मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पंचायत राज प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष व जिला कार्यकरिणी सदस्य रह चुके हैं। समस्त बिरादरियों के साथ जुड़ाव व जाट समाज को साधने के लिए भाजपा सुरेन्द्र भांभू को जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त कर सकती है। ज्ञात रहे कि सुरेन्द्र भांभू आर्थिक रूप से सक्षम तथा 20 सालों से पार्टी में वफादारी से सक्रिय है। इसके अलावा साधुवाली में गाजर मंडी शुरु करवाने के लिए राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजने की पहल भी सुरेन्द्र भांभू ने की थी। सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र में सुरेन्द्र भांभू की अच्छी पकड़ मानी जाती है तथा यहां से विधानसभा टिकट के लिए दावेदारी जता चुके हैं।



भारतीय जनता पार्टी जिले पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में कमजोर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलाण को कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप इंदौरा ने पराजित किया था। इसी प्रकार विधानसभा चुनाव में जिले की आठ विधानसभा सीटों में से भाजपा को मात्र 2 सीटों पर जीत के साथ संतोष करना पड़ा था। पार्टी सूत्रों के अनुसार जाट समाज में भारतीय जनता पार्टी के प्रति नाराजगी सामने आई है। जिले में बड़ी संख्या में जाट समाज का वोट बैंक है। जिले से जाट समाज के नेता को अहम पद नहीं देने से नाराज जाट समाज को भाजपा साधने की कोशिश कर रही है। इसी के चलते जिलाध्यक्ष पद के लिए जाट समाज के चेहरे को मौका मिल सकता है। पार्टी द्वारा करवाए गए सर्वे में सुरेन्द्र भांभू को जिलाध्यक्ष पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ज्ञात रहे कि सुरेन्द्र भांभू राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ से जुड़े हुए हैं। आरएसएस से जुड़ाव के चलते सुरेन्द्र भांभू को भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त कर सकती है। परंतु इसकी सूचना कब होगी यह भविष्य के गृभ में है।

## बीकानेर में मिला जिंदा बम, मचा हड़कंप

● गड्ढा खोदकर सुरक्षित रखवाया

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** जिले के महाजन कस्बे में एक बार फिर जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। बम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बम को गड्ढा खोदकर सुरक्षित रखवाया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार महाजन कस्बे के कंवरसेन लिफ्ट नहर की घोड़ा पुली के पास बुधवार को एक जिंदा मिलने से हड़कंप मचा गया। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने गड्ढा खोदकर बम को सुरक्षित रखवाया है। बता दें कि महाजन के आसपास पहले भी कई बार जिंदा बम मिल चुके है। एक सप्ताह पहले भी लूणकरणसर के महाजन में कंवरसेन लिफ्ट नहर से निकले मोघे में जिंदा बम मिला था। इसके बाद पुलिस ने बम को सुरक्षित जगह रखवाया था। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के कारण अक्सर यहां जिंदा बम मिलते रहते है। ऐसे बम की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है

## सम्पादकीय

# जालसाजों ने किया खेला

मध्यप्रदेश के खजुराहो में कुछ जालसाजों ने कई दुकानों के बाहर लगे 'क्यूआर कोड' को चुपके से अपने 'क्यूआर कोड' से बदल दिया और ग्राहकों द्वारा दुकानदारों को भेजे गए पैसे अपने खाते में ले लिया। आम जीवन में आधुनिक तकनीकी के प्रसार से कई स्तर पर लोगों को सुविधा होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन सच यह है कि इसके साथ-साथ जोखिम का दायरा भी तेजी से फैल रहा है। खासकर खरीद-फरोख्त और पैसों के लेनदेन में जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं, उसे देखते हुए यह चिंता अब बढ़ रही है कि इंसान की जिंदगी को आसान बनाने वाली ये तकनीकें क्या ठगी का हथियार और लोगों के लिए जोखिम की वजह भी बन रही हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान किसी सामान की खरीदारी या अन्य किसी सेवा के बदले पैसा चुकाने के लिए आनलाइन माध्यम का उपयोग तेजी से बड़ा है। इसमें एक मुख्य प्रचलित तरीका 'क्यूआर कोड' को 'स्कैन' करना है, जिसके जरिए लोग अपने खाते से पैसा दूसरे के खाते में भेज देते हैं। देखा जाए, तो यह पैसे के लेनदेन का एक आसान तरीका लगता है। मगर अब इसमें जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आने लगे हैं, उससे यह साफ है कि यह माध्यम भी अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है। दरअसल, मध्यप्रदेश के खजुराहो में कुछ जालसाजों ने कई दुकानों के बाहर लगे 'क्यूआर कोड' को चुपके से अपने 'क्यूआर कोड' से बदल दिया और ग्राहकों द्वारा दुकानदारों को भेजे गए पैसे अपने खाते में ले लिया। गनीमत है कि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और आरोपी पकड़ में आ गया। देखने में यह ठगी की कोई छोटी घटना लगती है, मगर इससे पता चलता है कि खरीदारी या पैसों के लेनदेन के मामले में जिस डिजिटल माध्यम को सबसे सुरक्षित और पारदर्शी बताया जा रहा है, उसमें किस स्तर के खतरे हैं। इसके अलावा, 'डिजिटल अरेस्ट' या ओटीपी मंगवा कर बैंक खाता खाली कर देने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार में खरीदारी या किसी अन्य मद में

# निरंतर मजबूत होती भारतीय सेना

भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद के भंडारण की अनुमति मांगी थी। सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं।

पंद्रह जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परंपरा की शुरूआत हुई। भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है।

चीन से चल रहे तनाव को देखते हुए अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, क्योंकि भारत चीन सीमा विवाद के चलते सेना की ताकत में इजाफा करना जरूरी है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद व सैन्य उपकरणों के भंडारण की अनुमति मांगी थी। इसके लिए अभी हाल ही में 21 दिसंबर को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई थी जिसमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने सेना के प्रस्ताव पर विचार करते हुए 'हानले' और 'फोटी ला' के पास गोला बारूद भंडारण सुविधा की स्थापना किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके अलावा सैन्य उपकरणों के भंडारण के लिए भूमिगत गुफाओं के बनाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी। यही नहीं लुकुंग में मजबूत सैन्य उपस्थिति किए जाने का प्रस्ताव पेष किया गया।

यह बुनियादी ढांचा चांगथांग उच्च ऊंचाई वाले शीत मरूस्थल अर्थात ठंडे रेगिस्तान के वन्यजीव अभयारण्य और काराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किया जाएगा। इस निर्माण का उद्देश्य गोला-बारूद की आपूर्ति में तेजी लाना है, जिससे यौद्धिक अवसर के समय संचालनगत तैयारी को विना विलम्ब के निश्चित किया जा सके। विदित हो कि प्रस्तावों के तहत आने वाले दोनों अभयारण्य वन्यजीवों के निवास स्थान हैं। रक्षा अवसंरचना के लिए निर्धारित स्थान संरक्षित क्षेत्रों की श्रेणी में आते हैं। इस कारण वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 29 के अधीन हो जाते हैं, इसीलिए रक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इस क्षेत्र को कोई नुकसान न पहुंचे। सेना ने ये प्रस्ताव पिछले वर्ष दिए थे और कहा था कि इन क्षेत्रों में लड़ाकू सेनांगों को आगे बढ़ाने की जरूरत है, जिससे सैन्य अभियान के समय मदद मिल सके। यह ऐसा क्षेत्र है जहां सेना की कुछ इकाइयां तैनात हैं। उल्लेखनीय है कि फोटी ला, कोयुल, पुंगुक और हानले आदि अग्रिम क्षेत्रों में सैन्य तैनाती है। फोटी ला अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय दर्रों में से एक है। यह हानले से तकरीबन 30 किलोमीटर दूरी पर है और डेमचोक का मार्ग भी है। अभी फोटी ला से 300 किलोमीटर और हानले से 250 किलोमीटर दूरी पर अस्थायी रूप से गोला बारूद एकत्र किया जाता है, इसलिए आपूर्ति में देरी होती है और संचालनात्मक प्रक्रिया में विलम्ब होता है। भारतीय सेना अब



अत्याधुनिक सुधार करके नई ताकत वाली सेना बनेगी। इसके लिए चालू वर्ष 2025 लागू किए जाने वाले सुधारों का खाका तैयार कर लिया गया है। अब भारतीय सेना कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के माध्यम से स्वदेशी सामानों का उपयोग तथा रक्षा कूटनीति को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी। इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। यह कार्य सेना के लिए अधिक चुस्त, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार रहने के हेतु एक नए बदलाव का संकेत है। यह दीर्घकालिक पहल को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला है।

नए सुधारों के लिए सेना का व्यापक दृष्टिकोण पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। ये स्तंभ संयुक्तता व एकीकरण, सुरक्षा बलों का पुनर्गठन, सैन्य आधुनिकीकरण व प्रौद्योगिकी, संचार प्रणाली व प्रक्रियाएं तथा मानव संसाधन व प्रबंधन हैं। विदित हो कि सेना ने इससे पहले वर्ष 2023 को परिवर्तन का वर्ष एवं वर्ष 2024-25 को प्रौद्योगिकी अपनाने का वर्ष घोषित किया था। भारतीय सेना की असॉल्ट राइफल की कमी भी अब दूर हो जाएगी। इस कमी को दूर करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' को तैयार कर दिया है। इसे मात्र 100 दिनों में ही डीआरडीओ ने तैयार किया है। यह शत्रु को 500 मीटर की दूरी से मार गिराएगी। इसका वजन चार किलोग्राम है। इसमें 20 राउंड गोलियों की मैगजीन को लोड किया जा सकता है। यह सिंगल और फुल आटो मोड में फायर कर सकती है। यह 7.62 मिलीमीटर कैलिबर वाली राइफल है। सेना को ऐसी ही राइफलों की जरूरत है। तभी दिसंबर 2023 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इसी कैलिबर की यूएस निर्मित 70000 असॉल्ट राइफलों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। इस राइफल को सेना, अर्धसैनिक बलों और राज्यों की पुलिस इकाइयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। तोपखाना भारतीय सेना की एक बड़ी लड़ाकू सहायता शाखा है। यह शाखा इन्फैन्ट्री के बाद दूसरी सबसे बड़ी शाखा है। इस रेजिमेंट में विभिन्न कैलिबर की बन्दूकें, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मोर्टार और मानव रहित हवाई प्लेटफॉर्म शामिल हैं। तोपखाना रेजिमेंट में महिलाओं को शामिल करने का निर्णय गत वर्ष लिया गया था।

विदित हो कि सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं। सरकार के इस निर्णय से महिलाएं लगभग सभी सैन्य विभागों में सेवाएं देंगी। विदित हो कि भारतीय सेना ने लद्दाख सीमा के न्योमा सैन्य स्टेशन पर नए लड़ाकू टैंक, तोपें और आर्म्ड व्हीकल तैनात कर दिए हैं।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड परसनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

# किन राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाता है गणतंत्र दिवस के लिए निमंत्रण

भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण तरीका है। देखा जाए तो गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना, भारत और उस देश के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अवसर है। कुछ मामलों में, यह निमंत्रण रणनीतिक साझेदारों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक तरीका है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां साझा हित हैं। गणतंत्र दिवस एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां भारत अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ सकता है और वैश्विक मुद्दों पर अपनी राय रख सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह निमंत्रण सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को करीब से देख पाते हैं। एक बात और कि कभी-कभी एक राजनीतिक संकेत भी हो सकता है। महत्त्वपूर्ण है कि कभी-कभी किसी विशिष्ट वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक विशेष राष्ट्राध्यक्ष को आमंत्रित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत और उस देश के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की वर्षगांठ, या किसी महत्वपूर्ण समझौते की वर्षगांठ। संयोग से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे। वे भारत के मित्र होने के साथ-साथ एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने इंडोनेशिया को डच औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। सउनके भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक और कई अन्य नेताओं से गहरे संबंध थे। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत का पहला गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी के नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पहले और 75वें गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे संबंधों का एक स्पष्ट प्रमाण है। यूं तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली का कर्तव्य पथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनसमूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मौजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। कहने वाले कहते हैं कि गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। गणतंत्र दिवस परेड का लंबे समय तक आंखों देखा हाल सुनाने वाले जसदेव सिंह बताते थे कि मंडेला की तरह कर्तव्य पथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंद मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। उनके राजपथ पर आने की सूचना लाउड स्पीकर से होते ही वहां पर मौजूद हजारों लोगों ने हर्षध्वनि से उनका अभिनंदन किया। चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये पुरस्कार 1959 में दिए जाने चालू हुए थे। बहरहाल, भारत आगे भी मित्र देशों के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोहों में आमंत्रित करता रहेगा।

## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नजदीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूं, लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या जरूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएंगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियां बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्र तट पर न जाने कितनी मछलियां पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शांति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले, लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

# कहीं आपको शॉपिंग की लत तो नहीं

**शॉपिंग** कुछ लोगों का पसंदीदा काम होता है। हममें से बहुत से लोग शॉपिंग करने बाजार और मॉल जाते हैं। वहीं, कुछ लोग ऑनलाइन शॉपिंग करना पसंद करते हैं। ऐसे लोगों को नई-नई चीजें खरीदने में मजा आता है। हालांकि, इस शॉपिंग की लत हमें नुकसान पहुंचा सकती है। इस लत से फाइनेंशियल नुकसान के साथ कई सारी पर्सनल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी, इतोवास लोरैंड यूनिवर्सिटी और नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी की संयुक्त रिसर्च के अनुसार, दुनिया में 5त्न लोग यानी लगभग 40 करोड़ की आबादी शॉपिंग की लत का शिकार है। कहीं आप भी तो इन 40 करोड़ लोगों में से नहीं हैं? शॉपिंग की लत एक तरह का बिहेवियरल एडिक्शन है। इसमें व्यक्ति न चाहते हुए भी ऐसी चीजों पर पैसे खर्च करता है, जिसकी जरूरत नहीं होती है। स्ट्रेस और एंग्जाइटी से पीड़ित लोग राहत पाने के लिए ऐसा करते हैं। मेंटल हेल्थ स्पेशलिस्ट शॉपिंग की लत मापने के लिए बर्गन शॉपिंग एडिक्शन स्केल का इस्तेमाल करते हैं। इसमें 28 सवालों और 9 संकेतों के जरिए शॉपिंग की लत जानने की कोशिश की जाती है। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। क्या आपने कभी महसूस किया है कि अगर आप खरीदारी नहीं करते तो आपका मूड खराब हो जाता है। कई बार यह झुंझलाहट और चिड़चिड़ेपन का कारण बन सकता है। लोग एंग्जाइटी और अकेलेपन को दूर करने के लिए खरीदारी करते हैं। हालांकि, यह राहत अस्थायी होती है और धीरे-धीरे आदत में बदल जाती है। शॉपिंग की लत की वजह से हम पढ़ाई, नौकरी और रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करने लगते हैं। लगातार फिजूलखर्च से कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। इस वजह से अपराधबोध महसूस होता है और अधिक परेशान हो जाते हैं। शॉपिंग करने के बाद आप अगली शॉपिंग की प्लानिंग करने लगते हैं। हमेशा इस बारे में सोचते हैं कि अगली बार क्या खरीदना है। शॉपिंग की लत के शिकार लोग खर्च कम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन बार-बार असफल होते हैं। लत के चलते लोग बार-बार खरीदारी करते हैं और पहले से अधिक खर्च करने से ही उन्हें सुख मिलता है। शॉपिंग की लत अक्सर स्ट्रेस की वजह से होती है। इस स्ट्रेस के कई कारण हो सकते हैं। इसमें लो सेल्फ एस्टीम, पर्सनल प्रॉब्लम्स, मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं शामिल हो सकती हैं। जिन लोगों में कॉन्फिडेंस कम होता है, नई चीज खरीदने पर थोड़ी देर के लिए उनका कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। फ्रंटियर्स जर्नल में छपी एक रिसर्च के मुताबिक, जिन लोगों का स्वभाव अस्थिर होता है, जो दूसरों को खुश करना चाहते हैं, वे शॉपिंग की लत का शिकार जल्दी होते हैं। सोशल मीडिया पर दिखने वाले विज्ञापन यकीन दिलाते हैं कि हमें इस चीज की जरूरत है, जबकि ऐसा



होता नहीं है। साल 2022 में, फ्रंटियर्स में पब्लिश्ड एक रिसर्च 'द डार्क साइड ऑफ सोशल मीडिया' के मुताबिक, सोशल मीडिया के इस्तेमाल से मटेरियलिस्टिक इच्छाएं बढ़ जाती हैं। शॉपिंग की लत एंग्जाइटी, डिप्रेशन या पर्सनैलिटी डिसऑर्डर से जुड़ी हो सकती है। शॉपिंग इन समस्याओं के लक्षणों को दबाने का अस्थायी जरिया बन जाती है। शॉपिंग की आदत लंबे समय तक रहने पर हमें आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। साथ ही कई मेंटल और फिजिकल समस्याएं पैदा कर सकती है। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से आर्थिक हालत खराब हो सकती है। धीरे-धीरे आप कर्ज के जाल में फंस सकते हैं और इससे निकलना मुश्किल हो सकता है। शॉपिंग की लत की वजह से बार-बार होने वाली बहस और आर्थिक समस्याएं रिश्ते में दरार पैदा कर सकती हैं। यह आदत आपके काम, पढ़ाई और शौक में बाधा डाल सकती है। आप अपनी प्राथमिकताओं को भूलकर सिर्फ शॉपिंग के बारे में सोचने लगते हैं। महीने की आय और खर्चों का हिसाब रखें। एक निर्धारित राशि 'फन मनी' के लिए रखें और उससे ज्यादा खर्च न करें। कुछ दिन के लिए शॉपिंग बंद करें। अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं। नई हॉबी जैसे साइकिलिंग या दूसरी एक्सरसाइज करें। कैश पेमेंट करें, स्मार्टफोन से क्रेडिट कार्ड रिमूव करें। आपके पास जो चीजें हैं, उनके लिए शुक्रगुजार रहें। इससे नेगेटिव इमोशंस कम करने में मदद मिल सकती है। शॉपिंग मॉल्स के न्यूजलेटर्स को अनसब्सक्राइब करें। इससे खरीदारी के लिए उकसाने वाले विज्ञापन आप तक नहीं पहुंचेंगे।

# अवैध रूप से दूध डेयरी में घुसने वाला पुलिसकर्मी रामकुमार लाइन हाजिर

## पुलिस वर्दी में नाजायज धौंस दिखाने वाले पुलिसकर्मी को निलम्बित करने की मांग भी की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** यूआईटी रोड स्थित बालाजी डेयरी में अवैध रूप से दुकान में पुलिस वर्दी में घुसकर स्टाफ को धमकाने वाले सदर थाना के पुलिसकर्मी रामकुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। भाजयुमो के पूर्व पदाधिकारी महेश सारस्वत ने बताया कि 5 जनवरी को रात्रि 8 बजे पुलिस वर्दी में रामकुमार ने उनकी अनुपस्थिति में दुकान में आकर स्टाफकर्मियों से घी व पनीर मांगा तथा पैसे मांगने पर वर्दी की धौंस दिखाते हुए स्टाफ को गैर कानूनी तरीके से धमकाया। पुलिसकर्मी की उक्त अवैध कार्यवाही की सीसीटीवी फुटेज दुकान में लगे कैमरों में कैद हो गई थी। पुलिसकर्मी की इस अवैध कार्यवाही से आक्रोशित शहर के प्रमुख संगठनों के लोगों ने भाजपा नेता महेश पेड़ीवाल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले से अवगत करवाकर उक्त पुलिसकर्मी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। महेश सारस्वत ने बताया कि सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह तथा श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने भी





इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उक्त पुलिसकर्मी पर कार्यवाही का निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिया था। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव द्वारा सोमवार देर रात को उक्त पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

**इधर दूध सप्लाई ठप्प एव प्रतिष्ठान बन्द करने की भी दी थी चेतावनी :** इस मामले की जानकारी मिलने पर श्री दूध सप्लाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों में भारी रोष फैल गया तथा 8 जनवरी को श्री दूध सप्लाई मजदूर संघ के अध्यक्ष सुभाष स्वामी ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 7 दिन में दूध डेयरी में अवैध रूप से घुसने वाले पुलिसकर्मी रामकुमार पर कार्यवाही नहीं की गई



तो शहर में दूध सप्लाई को ठप्प कर दिया जाएगा। इसी मामले में खाद्य पेयजल मिष्ठान विक्रेता संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा नाथी ने भी संगठन से जुड़े शहर में प्रतिष्ठानों को बंद करने की चेतावनी दी थी।

डेयरी संचालक भाजयुमो के पूर्व पदाधिकारी महेश सारस्वत ने बताया कि पुलिस वर्दी में अवैध रूप से दुकान में घुसने व अपने पद का नाजायज रूप से दुरुपयोग करने वाले पुलिसकर्मी रामकुमार को निलम्बित करवाने की कार्यवाही भी करवायी जाएगी, ताकि भविष्य में पुलिस वर्दी में अन्य कोई पुलिसकर्मी आमजन को धौंस ना दिखा सके तथा व्यापारी भयमुक्त व्यापार कर सके। उक्त पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर करने पर भाजपा नेता श्रवण पारीक, रजत स्वामी एडवोकेट, रवि सेतिया, तरसेम गुप्ता, राजाराम ज्याणी, बालमुकुंद, सुभाष अग्रवाल, खेतसिंह राजपुरोहित, प्रेम घोड़ेला, कृष्ण गुल्लु सहित शहर के जागरूक लोगों ने विधायक गुरवीर बराड़, विधायक जयदीप बिहाणी तथा भाजपा नेता महेश पेड़ीवाल का आभार करते हुए, उक्त पुलिसकर्मी को अविलम्ब निलम्बित करने की मांग की है।

# गणेश जी महाराज को लगा पकौड़ों का महाभोग



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ रोड स्थित सफेद चूहों वाले मनोकामना सिद्धि गणेश मंदिर में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर आज 14 जनवरी 2025 को सायं 3 बजे भगवान श्रीगणेश को बर्ड पकौड़े, आलू पकोड़ा व मिक्स पकौड़ों का महा भोग लगाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्याम जैन ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों द्वारा नववर्ष व लोहड़ी स्नेह मिलन व मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर गणेश जी महाराज को 5 सवामन (200 किलोग्राम) विशाल बर्ड पकौड़े, आलू पकोड़ा व मिक्स पकौड़ों का महा भोग लगाया गया । यह भोग मंदिर समिति के अध्यक्ष श्याम जैन, उपाध्यक्ष अनिल टांटिया, सचिव रोशन लाल जिन्दल , समिति के संरक्षक शयोपत राय बंसल, अशोक कुमार डोडा, सुरेश मंगल, रमेश बंसल, महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बंसल , नितिन खारीवाल, गोरी शंकर बंसल, नरेंद्र जैन, सेवादार अनिल कुमार तथा मिडिया प्रभारी आकाश गुंबर सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे। भोग के पश्चात पकौड़ों का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन में संकैडो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश जी के चरणों में माठा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया व पकौड़ों का प्रसाद ग्रहण किया ।

# सफाई कर्मचारियों को गर्म कंबल बांटे



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों को गर्म कंबल वितरित किए गए। यह आयोजन सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेंदीलाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेंदीलाल मीणा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंद सफाई कर्मचारियों को गर्म कंबल देने का निर्णय लिया गया है, ताकि वे ठंड से बच सकें और अपनी सेवाएं प्रभावी ढंग से जारी रख सकें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि यह कदम उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए है। नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने भी इस पहल को सराहा और कहा कि नगर परिषद हमेशा अपने कर्मचारियों की भलाई के लिए प्रयासरत रहती है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और हमेशा स्वस्थ रहें, ताकि वे अपने कार्य में पूरी तरह से सक्षम रहें। समाजसेवी तरुण विजय ने भी इस अभियान की सराहना की और कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ कर्मचारियों को शारीरिक आराम देना नहीं था, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाना था। सफाई कर्मचारी समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं, और उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नगर परिषद द्वारा इस प्रकार की पहल निश्चित रूप से कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और उनके कार्यो के प्रति आदर दिखाने के रूप में मानी जा रही है। इस अवसर पर नगर परिषद के स्वच्छता अधिकारी जगदीश सिराव, स्वच्छता निरीक्षक नवल किशोर,ओम प्रकाश, स्टोर इंचार्ज राम कुमार व अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# हर प्रभ आसरा में वस्त्र वितरित, एक गज़ल नाइट का भी आयोजन

**श्रीगंगानगर।** लोहड़ी के उपलक्ष में रोटरी क्लब श्रीगंगानगर द्वारा हर प्रभ आसरा आश्रम को 35 कंबल, 100 जोड़ी कपड़े, 100 जोड़ी गर्म जुराबें, 100 जोड़ी अंडर गारमेंट्स, 100 गद्दे कवर सहित और गर्म कोट इत्यादि भेंट किए गए। इस अवसर पर एएसपी रामेश्वर कड़ेला, रोटरी डीजी डॉ. संदीप चौहान, अध्यक्ष डॉ. जेएस कोचर, रोटेरियन प्रवीण नागपाल, हरजीत सिंह हैरी आदि अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व भी नव वर्ष के उपलक्ष में रोटरी क्लब श्रीगंगानगर द्वारा हर प्रभ आसरा आश्रम को 150 गद्दे और गर्म कपड़े भेंट किए है। लोहड़ी




के अवसर पर क्लब के तत्वाधान में दुर्गेश पैलेस में जगजीत सिंह को समर्पित एक गज़ल नाइट का भी आयोजन किया गया, जिसमें वडोदरा गुजरात के मशहूर गजल गायक डॉलर मेहता ने गजल सम्राट जगजीत सिंह की गजलें सुनाई। इस कार्यक्रम में समाजसेवी मुकेश शाह, राजकुमार जैन एवं सौरभ जैन अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अनिल नागपाल, राजेंद्र चड्ढा, बंशीधर जिंदल, राहुल जिंदल, संदीप वाधवा आदि सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अंशुमान आरोग्य शिविर में कान व गले का डॉक्टर नहीं होने से मरीज हुए परेशान

## शिविर में 205 रोगियों की निशुल्क जांच कर दवाइयां दी

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** स्थानीय सीएचसी केंद्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री अंशुमान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में 205 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां दी गई जब की इस शिविर में कान व गले के डॉक्टर नहीं होने से रोगियों को निराश होकर लौटना पड़ा वहीं शिविर में आंखों की जांच करवाने आए रोगियों को उपकरण यंत्र यानी कंप्यूटर मशीन के अभाव के कारण मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा वहीं नेत्र रोग के डॉक्टर एक टॉर्च के सहारे आंखों की जांच की जा रही थी इस शिविर में डॉक्टर अनिल मेहता नेत्र विशेषज्ञ ,आयुर्वेदिक विभाग डॉक्टर शिव भगवान, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक प्रकाश लोहरा, होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग डॉक्टर कविता वर्मा ,टीकाकरण विभाग एएनएम अलीमा नरस ,लैब विभाग के हरीश कामरा, टेलीकंसैटेशन विभाग सुभाष चंद्र, केंद्र प्रभारी डॉक्टर अभिषेक शर्मा, डॉक्टर अंकुर धुडिया, डॉक्टर हर्षवर्धन रणवा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व केंद्र स्टाफ उपस्थित रहा।------



----------------दूसरा समाचार--मकर संक्रांति पर साप्ताहिक पाठ का भोग पड़ा ----(गायक कलाकारों ने गुरु महिमा सुना कर संगत को किया निहाल)------कस्बे में बाबा तेज गिरी महाराज की कुटिया में मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व में रखे गए साप्ताहिक श्रीमद् भागवत पुराण का पाठ पंडित गौरी शंकर शर्मा द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भोग डाला गया और गुरुआरती करके संगत में प्रसाद बांटा गया इस दौरान लोक गायक कलाकार भागीरथ भाटी ने भजन मै डेरे गुरा दे जाणा, मुक जा पुछिए नी------- और पंजाबी कलाकार भजन सिंह नाहर ने भजन जिदे कोल है शटाकी ,ओदे सेर करदे----- सुना कर संगत को निहाल किया इस अवसर पर बाबा प्रेम गिरी, बाबा राजगीरी ,और कमेटी सदस्य काली खुराना ,छत्तीस गिदड, रमेश मिढा, मदन गुंबर, जगदीश सोनी, मदन मुजराल सहित अन्य सेवादार मौजूद थे।

# 'ख्याली की पाठशाला' का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** द साइंस एकेडमी स्कूल रावतसर में 14 जनवरी को 8 वां स्थापना दिवस समारोह ब?ी धूम धाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी.वी. हास्य कलाकार श्रीमान ख्याली सहारण रहे । सर्वप्रथम संस्था प्रधान श्री सुरेन्द्र शर्मा, डॉ पंकज शर्मा, प्रधानाचार्य महोद?या श्रीमती रेनु मुद्गल, मुख्य अथिति श्रीमान् ख्याली सहारण ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । हास्य कलाकार श्री ख्याली सहारण के द्वारा मोटीवेशन शो ख्याली की पाठशाला का आयोजन किया विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की बातें बताई गई । संस्था प्रधान सुरेन्द्र शर्मा व डॉ. पंकज शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री ख्याली सहारण को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया , इस दौरान मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ।

# श्री सत्यनारायण मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** श्री सत्यनारायण मंदिर में भारत विकास परिषद शाखा गजसिंहपुर के तत्वाधान में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वासू देव मंगल, महेश मंगल के पिता स्वर्गीय गोपी राम मंगल की स्मृति में 21 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह हुंदल नरेश जाजू सोमेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष चमकौर सिंह, जोगेंद्र चावला अनिल शर्मा आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। भारत विकास परिषद के संरक्षक जोगेंद्र चावला ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा गजसिंहपुर लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। वही कल्याण भूमि मैं बैठने के लिए बेंच, पक्षियों के लिए चबूतरा, भारत को जानो प्रतियोगिता ज्ञानवर्धन



प्रश्नोत्तरी आदि सम्मिलित है आपको बता दें कि इस बार भारत

विकास शाखा गजसिंहपुर के तत्वाधान में 21 वां रक्तदान शिविर का आयोजन श्री सत्यनारायण मंदिर में किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार 74 यूनिट संग्रहण किया गया । इस यूनिट रक्त संग्रहण में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का भी बढ़- चढ़कर योगदान रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह हुंदल ने कहा ऐसे कार्यक्रम हर समय होते रहने चाहिए आज के युग में रक्त की एक- एक बूंद कीमती है साथ ही उन्होंने युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया भारत विकास परिषद के संरक्षक जोगेंद्र चावला, अध्यक्ष दयाल चुघ, महेश मंगल, अमित भारद्वाज, विपिन मोहनका, संजय वर्मा, कृष्ण मंगल, हेमंत सेन, प्रवीण मुंजाल , शंकर पेड़ीवाल, किशन बोथरा, अमित सूद, होसला प्रसाद, मनोज कुमार, सुधीर कुमार ,सुरेंद्र बिश्नोई , खजान चंद,सतपाल चानी, , , अग्रसेन, , , कृष्ण मंगल, आदि के द्वारा अहम भूमिका निभाई है।

# अवैध शराब के 33 पव्वे बरामद,एक गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** पुलिस ने गांव के चूनावढ़ में अवैध शराब की बिक्री करने के एक आरोप में एक जने को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से अवैध शराब के 33 पव्वे बरामद किए हैं। थाना के हेड कांस्टेबल हंसराज ने बताया कि चूनावढ़ गांव का मंगत राम उर्फ मंगू 26 जी जी रोड पर शराब बेच रहा था, पुलिस ने गस्त के दोरान यह कार्यवाही की है। 19/54 आबकारी अधिनियम में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मंगत राम चूनावढ़ थाना का हिस्ट्रीशीटर है

# धारा 151 में आरोपी को किया पांबद

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** चूनावढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव 6 एच ढाबावाली निवासी सुखविंद्र सिंह पुत्र राजू सिंह व हरविंदर सिंह पुत्र राजू सिंह को 170 बीएनएसएस (धारा 151) में पाबंद किया है। पुलिस जानकारी अनुसार सुखविंद्र व हरविंदर लोहड़ी वाले दिन रात को गली में गाली गलोच कर रहे थे। इस संबंध में चूनावढ़ थाना के एएसआई कंवर पाल सिंह ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# जरूरतमंद बालिकाओं एवं बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्रद्धा एज्यूकेशन श्रीगंगानगर के तत्वावधान में मकर सक्रांति के शुभ अवपर पर गुरूनाक बस्ती रविदासनगर में 81 जरूरतमंद बालिकाओं एवं बच्चों को गर्म जर्सियां वितरित की गई। मुख्य अतिथि रिम्पा तलवार व अध्यक्षता डॉ. प्रेरणा नागपाल ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अश्वनी नागपाल, विशिष्ठ अतिथि अक्षत नागपाल, अवनी नागपाल, इन्दूभूषण चावला, गोल्डी पाहूजा, रजनी पुन्यानी थे। मुख्य अतिथि रिम्पा तलवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि त्यौहार हमारे लिए खुशियों की सौगात लाते हैं तथा जीवन की कटुता में सरलता व माध्युर्स लाते हैं। त्यौहार हमारी संस्कृति के धरोहर हैं, इनसे हम भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। ये समाज में आनन्द मंगल तथा सकारात्मकता का वातावरण उत्पन्न करने हैं। त्यौहारों व पर्वो से परोपकार, सेवा भावना, सहिष्णुता



आदि की भावना पैदा होती है। त्यौहारों में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है तथा समाज में एकता उत्पन्न होती है। मकर सक्रांति के अवसर पर दान पुण्य करना मानवीय कल्याण और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। डॉ. प्रेरणा नागपाल इस पुनीत अवसर पर श्रद्धा एज्यूकेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया तथा कहा कि दूसरों का उपकार करना ही परोपकार है। महर्षि वेद व्यास ने भी व्यक्ति के मूल कर्त्तव्यों में परोपकार को ही शामिल किया है। डॉ. अश्वनी नागपाल ने सभी बच्चें को अपने से बड़ों से शिष्टाचार का व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया। उनसे विन्रमतापूर्वक बाते करनी चाहिए। सदैव उनका आदर करना चाहिए। संबंधियों का भी आदर करना चाहिए, बड़े भाई-बहन का भी आदर करना चाहिए और अपने से छोटों के प्रति सदैव स्नेह का व्यवहार करना चाहिए। बच्चों को स्वच्छता, आज्ञा पालन व नैतिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी पुन्यानी ने श्रद्धा एज्यूकेशन द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर पुनीत सेवा कार्यो के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आर्य समाज रामनगर में यज्ञशाला के पुनर्निर्माण की रखी आधारशिला



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** आर्य समाज मोहर सिंह चौक राम नगर (पुरानी आबादी), श्रीगंगानगर में मंगलवार को भामाशाह श्रीमती मीना जाखड़ द्वारा यज्ञशाला के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी गई। प्रधान रतन भटनागर ने बताया कि सर्वप्रथम वैदिक यज्ञ किया गया। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार से आर्य समाज गूंज उठा। प्रधान रतन भटनागर ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्य समाज स्थापना के समय से ही समाज सुधार के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में वयोवृद्ध आर्य समाजी शुद्धबोध शर्मा तथा सुरेंद्र शर्मा की बहन श्रीमती सावित्री शर्मा द्वारा इस यज्ञशाला का निर्माण करवाया गया था, जिसके अब काफी समय से पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। उन्होंने यज्ञशाला पुनर्निर्माण में सहयोग के लिए भामाशाह श्रीमती मीना जाखड़ का आभार जताया। इस अवसर पर आर्य समाज श्रीगंगानगर तथा विजयनगर के पदाधिकारी तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति व आर्य समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# रिलायंस बायो एनर्जी प्लांट को बंद करवाने की मांग

## कांग्रेस ने प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

**सूरतगढ़।** रिलायंस बायो एनर्जी प्लांट के खतरे को देखते हुए बंद करवाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। विधायक डूंगर राम गेदर, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , ओबीसी प्रकोष्ठ के बलराम वर्मा, किसान कांग्रेस के अमर सिंह गोदारा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वेद प्रकाश कड़वासरा, राजियासर के बनवारी थोरी, युवा नेता योगेश मेघवाल, पूर्व उप प्रधान कृष्ण गोदारा की अगुवाई में कांग्रेस ने रिलायंस बायो एनर्जी प्लांट को बंद करवाने की मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जन आंदोलन की चेतावनी दी। प्रतिनिधि मंडल में उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि रिलायंस कंपनी शहर के आबादी क्षेत्र और रेलवे लाइन के नजदीक बायो एनर्जी सीएनजी प्लांट का निर्माण पिछले 6 माह से बिना स्वीकृति के कर रहा है। शहर की आबादी क्षेत्र के अलावा रेलवे लाइन, हनुमानगढ़ फोरलेन सड़क और ग्रामीण क्षेत्र के नजदीक शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को



जान माल का खतरा बना हुआ है। भोपाल गैस कांड और पिछले दिनों जयपुर में हुए गैस कांड की घटना को देखते हुए लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। प्रशासन गंभीरता से लेकर निर्माण कार्य को बंद करवा कर दूसरी जगह स्थानांतरित नहीं करेगा तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। रिलायंस बायो एनर्जी संयंत्र निर्माण के संबंध में पिछले काफी समय से विधायक डूंगर राम गेदर, ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू सहित शहर के लोगों ने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका को बार-बार अवगत कराया इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बायो एनर्जी गैस प्लांट को बंद करवरकर दूसरी जगह स्थानांतरित नहीं किया गया तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला महामंत्री भीम जोशी, द्वारका पेड़ीवाल, अनिल रोकणा, अमर सिंह राठौड़, मुस्तफा कुरेशी, प्रवक्ता सहदेव जोशी, बार संघ राजस्व के पूर्व अध्यक्ष साहबराम स्वामी, अंग्रेज सिंह ढिल्लों, राम अवध यादव, मुस्तफा कुरैशी, कृष्ण जालप, भागीरथ भाट, भवानी भाट, कुलदीप अरोड़ा, सिकंदर खान, जगदीश बिश्नोई, फौजी लीलाधर स्वामी, रामप्रवेश डाबला, कमलेश मीणा, रजत नायक, साहिल गेदर, सोहेल खत्री, इमरान खान, सचिन नोखवाल, आसिफ, साहिल, विजेंद्र, मुकेश, सिद्धार्थ बोहरा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर्व पर लगाया विशाल लंगर



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** रोट्रेक्ट क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में विशाल लंगर लगाया गया। सचिव रोटे. अविनाश गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष रोटे. पंकज मंगल के नेतृत्व में चहल चौक के समीप लगाए गए लंगर में गर्म हलवा-छोले का प्रसाद वितरित किया गया। कोषाध्यक्ष रोटे. मनीष गांधी ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया तथा राहगीरों ने रोट्रेक्ट क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए साधुवाद दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष रोटे. पंकज मंगल, सचिव रोटे. अविनाश गर्ग, कोषाध्यक्ष रोटे. मनीष गांधी, रोटे. अभिषेक, रोटे. राम मित्तल, रोटे. राघव गोयल, रोटे. भूषण अग्रवाल, रोटे. रोहित गर्ग, रोटे. कपिल सिंघल, रोटे. आशीष अग्रवाल, रोटे. पुष्पेन्द्र स्वामी, रोटे. गौरव सहित सहित रोट्रेक्ट क्लब श्रीगंगानगर ईस्ट पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर सर्व समाज द्वारा भंडारा आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** मकर संक्रांति के अवसर पर सर्व समाज द्वारा हनुमानगढ़ जंक्शन बस डिपो पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत निवर्तमान सभापति सुमित रणवां ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ की और आमजन में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सुमित रणवां ने लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और इस पर्व को भाईचारे और एकता के प्रतीक के रूप में मनाने की बात की। भंडारे में हजारों लोगों ने भाग लिया और ब्रैड पकौड़े का आनंद लिया। मकर संक्रांति के पर्व की खुशियों को साझा करने का एक अवसर था, बल्कि समाज में एकजुटता और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण कदम था। सर्व समाज के इस आयोजन ने स्थानीय लोगों में उत्साह और आनंद का माहौल बना दिया और यह कार्यक्रम एकता और सहयोग की भावना को सशक्त बनाने में सफल रहा।

# मकर संक्रांति पर विशाल भंडारे का आयोजन



**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुद्वारा गली के दुकानदारों द्वारा मंगलवार को मकर सक्रांति के अवसर पर जंक्शन गुरुद्वारा गली में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें समस्त गली के दुकानदारों द्वारा क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ आहुति डाली। भंडारे की शुरुआत प्रधान सुभाष नारंग सहित समस्त सदस्यों द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात की गई। भंडारे में सेकड़ो लोगों ने भंडारे को ग्रहण किया। सुभाष नारंग ने बताया कि पिछले 14 वर्षो से लगातार मकर संक्रांति के अवसर पर उक्त भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर सुभाष नारंग, जगदीश मिड्डा, जीवत नंदा, जगननाथ, मुरारी लाल मिड्डा, सरदारी लाल मिड्डा, हंसराज पूनिया, डॉ मनोहर लाल पारीक व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# लोहड़ी पर्व पर बेसहारा व झुग्गी-झोंपड़ियों में मूंगफली-रेवड़ियां बांटी

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारन साहिब विखे आप समुह संगत के सहयोग से 13 जनवरी को संगतों ने लोहड़ी पर्व मनाया खुले आसमान में बैठे बे सहारा झुगी झोंपड़ियों में गरीब लोग एवं बच्चों के साथ मुंगफली, फुल्ले, रेवड़ी, बांटकर । 14 जनवरी मकर संक्रांति को सुजी का हलवा सरकारी अस्पताल झुगी झोंपड़ियों व सड़क किनारे बैठे बे सहारा लोगों मे सेवादार संगतों ने वितरित कर संक्रांति पर्व मनाया। इस शुभ अवसर पर सुबह 9.30 बजे से हजूरी रागी भाई हरफूल सिंह द्वारा हरजस गुरबानी के कत्था कीर्तन गुरमत विचार द्वारा माघी का ऐतिहास सरवन करवाकर संगतों को निहाल किया 10.30 बजे संक्रांति के भोग की अरदास उपरांत सेवादार संगत द्वारा गुरु की खीर व सुजी के हलवे का लंगर अटूट बरताया गया। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल, सचिव अमरजीत सिंह गिल्ल, डॉ रजिंद्र सिंह भमरा, जसकरन सिंह नागी, हरप्रीत सिंह भुल्लर, सुदर्शन डेयरी वाले, मिस्त्री हरपाल सिंह, लवप्रीत सिंह, कुलदीप भुल्लर, प्रदीप सिंह, ठेकेदार साधू बावरी, गुरमीत कौर, रानी बहन, कुलदीप कौर, जसवीर कौर, लखविंदर कौर गिल्ल, सुखविंदर कौर, गुरप्रीत कौर, राज साहिबा खत्री, अंनीता, एवं बच्ची गुरनूर गिल्ल, जसलीन गिल्ल, क्रीती, सहित बड़ी संख्या में संगतों ने हाजरियां भरकर सेवा व सहयोग कर अपना जीवन सफला कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की।



# पशुक्रूरता निवारण, करुणा और जागरूकता का संदेश दिया

## राजकीय पशु चिकित्सालय हिन्दुमलकोट के तत्वावधान में पशु कल्याण पखवाड़े के तहत हुई कहानी प्रतियोगिता

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट में पशु कल्याण पखवाड़ा के तहत कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय, हिन्दुमलकोट के तत्वावधान में पशुपालन निदेशालय राजस्थान के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रदेश में 14 जनवरी से 30 जनवरी, 2025 तक मनाए जा रहे पशु कल्याण पखवाड़ा के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय महाविद्यालय हिंदुमलकोट में हुई कहानी प्रतियोगिता में पशुओं के प्रति दया, करूणा एवं कल्याण हेतु जन साधारण में जागृति व पशु क्रूरता निवारण हेतु वातावरण निर्माण का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा ने प्रथम, रजनी ने द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राजीव शर्मा ने पशु क्रूरता निवारण एक्ट-1960 के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया तथा मंगला पशु बीमा योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम की अगली कड़ी में राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट में छात्र-छात्राओं के लिए पशु कल्याण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समाज में पशुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी पशुओं को भोजन और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पशुओं को बीमारी और कुपोषण से बचाने, पशुओं को चरम मौसम की परिस्थितियों से बचाने के लिए उचित आश्रय प्रदान करने, पशुओं पर अत्याधिक भार डालने, उन्हें पीटने या उनकी चिकित्सा आवश्यकताओं की अनदेखी करने से बचने तथा पिंजरों, बाड़ों या परिवहन में पशुओं की अधिक भीड़ न करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि लोगों को पशुओं को मारने-पीटने, अधिक भार देने या गलत तरीके से बांधने के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करके, पशुओं को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने वाली गतिविधियों पर अंकुश लगाकर तथा लोगों को पशुओं के अधिकारों और कानूनों के तहत उनके संरक्षण के महत्व को समझाकर पशु क्रूरता पर रोकथाम सम्भव है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयी छात्र-छात्राओं ने पशुओं के साथ मानवीय और गरिमापूर्ण व्यवहार करने की नैतिक तथा कानूनी जिम्मेदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट तथा राजकीय पशु चिकित्सालय, हिन्दुमलकोट स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जन्मदिन मुबारक



**श्रीगंगानगर।** बैंक अधिकारी करण गलहोत्रा के जन्मदिन पर पापा-मम्मी डा. के.के. गलहोत्रा-श्री मति अंजु, अर्धांगिनी कामना गलहोत्रा, बहन-बहनोई जस्मीन-दीपांशु और ताया- ताई, चाचा-चाची, नाना-नानी की ओर से हार्दिक बधाई शुभकामनाएं।।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति का स्थापना दिवस मनाया

## मदरसे के बच्चों को फातिहा लगाकर बांटी गई मिठाइयां

जनमार्ग न्यूज

**पाली.** पाली शहर में विभिन्न प्रकार के समाज कल्याण के आयोजन करने वाली संस्था मुस्लिम युवा फाउंडेशन समिति का चौथा स्थापना दिवस मंगलवार को फाउंडेशन के सम्मेलन कार्यालय सहित विभिन्न जगहों पर मनाया गया। फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बताई दी। अध्यक्ष मेहराज अली चुडीगर कहां की शिक्षा के क्षेत्र में हमें कार्य अधिक गति से करने की जरूरत है शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है। फाउंडेशन के कार्यालय प्रभारी फैजान आरटीआई ने बताया कि फाउंडेशन ने 4 साल में बहुत सारे काम किए हैं जैसे की शिक्षा के क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में व खिदमत और भाईचारे का पैगाम का काम किया है। इस मौके पर आसिफ खान सिलावट, खालिद कादरी, एडवोकेट तारिक अनवर, आरिफ सर, लियाकत गौरी, अंसार भाटी, मोहसिन खान, मुस्लिम समाज से रजाक साहब चढ़वा, फाउंडेशन के सरपरस्त एम. के .पठान साहब, जहीर मकरानी, इंसाफ सोलंकी, मुकद्दर अली, फकीर मोहम्मद चढ़ना, अयूब भाई सुलेमानी, बाबू भाई, एमआईएम के जिला अध्यक्ष फिरोज समरिया, यासीन सबावत, इस्माइल गोरी, हुसैन अजमेरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर मदरसे के बच्चों में फातिहा लगाकर मिठाई वितरण की गई। हजरत अली मुर्तजा की विलादत का दिन भी मनाया गया।



# मकर संक्रांति पर भंडारा लगाया

**सूरतगढ़।** श्री श्याम सखा व महिला मंडल के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर पुरानी धान मंडी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के पांचवें भंडारे का उद्घाटन श्री श्याम प्रभु की विधिवत पूजा अर्चना व आरती के साथ किया गया। पं. मोहन उपाध्याय ने विधि विधान से पूजन करवाया। इस अवसर पर अतिथि सदर थानाधिकारी कृष्ण कुमार व एपेक्स हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. अरविंद बंसल, विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, डॉ. पियुष बंसल, युवा नेता संदीप कासनिया, नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष काजल छाबड़ा, ओमप्रकाश कालवा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, पंचायत समिति सदस्य राहुल लेघा, श्री श्याम सरकार मंडल के अध्यक्ष सोनू बवेजा, संस्था के संरक्षक सत्यनारायण तावणियां व प्रवीण छाबड़ा, एपेक्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर लड़ोईया, मानव सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक मखीजा आदि ने प्रसाद वितरित कर भंडारे का शुभारंभ किया। अध्यक्ष सोनू बवेजा व सचिव अंकुर लड़ोईया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षो से मकर संक्रांति पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। अतिथियों ने भंडारे में खीर, पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित करके लंगर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में संस्था के सहसचिव अजय कालड़ा, वरिष्ठ सदस्य नरेश नागपाल, अजय तिवाड़ी, अंकुश वधवा, सोनू नरूला, भरत राजपुरोहित, सुभाष सोनी, किरण भुवाल आदि ने सेवाएं दी। इस दौरान अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष वली मोहम्मद, सब्जी मंडी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष भूषण भटेजा, अरोड़वश समाज के अध्यक्ष दीपक भाटिया, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, दर्शन भगत परनामी व सुरेंद्र छाबड़ा, टेगौर कालेज के निदेशक सचिन जेतली, माता चिंतपूर्णी महाकाली दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष मनोहर कवातड़ा, अशोक सेतिया आदि उपस्थित थे।



# रोटरी क्लब 'रॉयल' ने बेसहारा ईश्वरीय प्राणियों के लिए रजाईयां व गद्दे भेंट किए



**श्रीगंगानगर।** रोटरी क्लब श्रीगंगानगर 'रॉयल' द्वारा मकर संक्रांति पर्व बेसहारा ईश्वरीय प्राणियों की सेवा करके मनाया गया। सचिव एडवोकेट रोटे. अशोक कटारिया ने बताया कि अध्यक्ष एडवोकेट रोटे. दीपक जैन के नेतृत्व में क्लब पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सेवा कार्य करते हुए 41 आरबी स्थित हर प्रभ आसरा आश्रम में सर्दी से बचाव के लिए बेसहारा ईश्वरीय प्राणियों हेतु रजाईयां एवं गद्दे भेंट किए गए, ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। हर प्रभ आसरा आश्रम प्रमुख स. हरिसिंह खालसा द्वारा रोटरी क्लब श्रीगंगानगर 'रॉयल' के इस सेवा कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की गई तथा अध्यक्ष एडवोकेट रोटे. दीपक जैन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट रोटे. दीपक जैन, सचिव एडवोकेट रोटे. अशोक कटारिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटे. जितेन्द्र मिड्डा, रोटे. श्याम काण्डा, रोटे. जगनंदन सिंह, रोटे. रामपाल सिंह, रोटे. अनिल गांधी, रोटे. सुभाष झटवाल सहित रोटरी क्लब श्रीगंगानगर 'रॉयल' पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# श्री शिव नंदी गोशाला में गुड़ व दलिया की सेवा की

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** किशनपुरा आबादी में स्थित श्री शिव नंदी गोशाला में विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष परसराम भाटिया की प्रेरणा से श्रद्धालुओं सहित अन्य नागरिकों ने गुड़ सेवा व दलिया सेवा प्रदान की।

इस कार्यक्रम में श्री शिव नंदी गोशाला के कोषाध्यक्ष अवतार सिंह, पूर्व सचिव नरेंद्र चाहर व मैनेजर लालचंद जाखड़ ने आभार जताते हुए कहा कि इस सेवा कार्यक्रम को मकर संक्रांति के महत्व को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास बताया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। गोशाला के कोषाध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमारे जीवन में सेवा व समर्पण की भावना का संचार करता है। यह आयोजन समाज में सौहार्द व सहयोग को बढ़ावा देने का अद्भुत उदाहरण है। पूर्व सचिव नरेंद्र चाहर ने श्री शिव नंदी गोशाला प्रबंधन समिति व परसराम भाटिया को इस सेवा कार्य के लिए बधाई दी। गोशाला के मैनेजर लालचंद जाखड़ ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाजसेवा व सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के महत्वपूर्ण साधन हैं।



# महावीर इंटरनेशनल ने करवाया देहदान और नेत्रदान किया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र ने सुप्रसिद्ध घी व्यवसायी और ब्रह्माकुमारी आश्रम से जुड़े पृथ्वीराज धानुका का देहदान करवाया।

सोमवार शाम को वार्ड नंबर 41 सैनिवास ए पृथ्वीराज धानुका का निधन होने पर एडवोकेट कमल पारीक और जितेंद्र गुप्ता की सूचना पर महावीर इंटरनेशनल के संभागीय अध्यक्ष संजय बैद नेत्रदान के लिए श्रीगंगानगर डॉ. एस. एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन से सम्पर्क किया और कॉर्निया उत्सारित करने के लिए टीम भेजने का आग्रह किया। इस पर सोसायटी की ओर से आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के टेक्निशयन अनुराग सारस्वत सूरतगढ़ पहुंचे और धानुका के पुत्र अनिल और नरेश धानुका की सहमति से कॉर्निया उत्सारित किया।




इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य सत्यनारायण झवर समाजसेवी, नरेंद्र चाहर और व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना और श्री धानुका के दामाद शरद जैन उपस्थित रहे। स्वर्गीय पृथ्वीराज धानुका ने महावीर इंटरनेशनल के सहयोग से देहदान का संकल्प पत्र भरा हुआ था। संजय बैद ने उनके परिजनों को देहदान के लिए प्रेरित करके स्वीकृति मिलने के बाद मंगलवार सुबह मुख्य कल्याण भूमि में अंतिम संस्कार की रस्म देगी के बाद टांटिया मेडिकल कॉलेज की टीम लखबीर सिंह के नेतृत्व में धार्मिक रीति रिवाज पूरे करने के बाद उनकी पार्थिव देह को टांटिया मेडिकल कॉलेज श्रीगंगानगर को कागज़ी कार्रवाई पूरी करने के बाद सुपुर्द किया। यह देह छात्रों के रिसर्च के काम में आएगी। मुख्य कल्याण भूमि में उपस्थित शहर के गणमान्य नागरिकों ने धानुका परिवार के इस कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और पृथ्वीराज धानुका की आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा ने बताया कि कि कुछ तकनीकी कारणों की वजह से पिछले आठ वर्षों से सूरतगढ़ में नेत्रदान का अभियान बंद पड़ा था किंतु श्रीगंगानगर में डॉ. एस. एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी के रूप में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान का चेप्टर शुरू होने के बाद महावीर इंटरनेशनल ने पुनः सूरतगढ़ में नेत्रदान का अभियान आरंभ किया है। नागरिक अपने परिजनों की मृत्यु होने पर संस्था सदस्यों को सूचित कर सकते हैं ताकि नेत्रदान से दो लोगों की अंधेरी जिंदगी में उजाला किया जा सके।

देहदान के अवसर पर सत्यनारायण धानुका, राजकुमार धानुका, पुत्र अनिल धानुका, नरेश धानुका, परिवार के विपीन धानुका, सुरेंद्र जैन, जगदीश अग्रवाल, ईट भट्ठा एसोसिएशन के जसराज गुम्बर, विपिन धानुका धानुका, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश शेखसरिया, अशोक वशिष्ठ, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष पूर्व पार्षद परमजीत सिंह बेदी, सुभाष गुप्ता, शुभम शेखसरिया, अनिल गोरीसरिया सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भावभीनी अंतिम विदाई दी।

# हरियाणा में उद्घाटन से पहले मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग

## कौशल गैंग ने जिम्मेदारी ली; लिखा– जो दुश्मनों की मदद करेगा, उसका यही अंजाम होगा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में मंगलवार सुबह बदमाशों ने 3 मंजिला मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना अशोक विहार इलाके की है। आज संक्रांति के दिन ही इस मकान का उद्घाटन होना था। बदमाशों ने करीब 25 राउंड गोलियां चलाई। गोलियों की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग बाहर निकले। गोलियां चलते देख वह अपने घरों में घुस गए। बदमाश जाते हुए एक पर्ची फेंककर गए, जिस पर कौशल चौधरी गैंग का नाम लिखा हुआ था। हालांकि, बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए जरिए कौशल चौधरी गैंग ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली। पोस्ट में लिखा- %जो हमारे दुश्मनों की मदद करेगा, उसका यही अंजाम होगा।%

**सुबह साढ़े 5 बजे गोलियां चलने की आवाज आई:** पुलिस के मुताबिक अशोक विहार फेज-3 में सुबह सा? 5 बजे गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। कुछ लोग सेक्टर 12 निवासी बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर राम निवास के नए घर पर गोलियां चला रहे थे। राम निवास को आज ही घर का उद्घाटन करना था। गोलियों से मकान के शीशे टूट गए। उस दौरान मकान में कोई मौजूद नहीं था।



**मकान के पास पर्ची पड़ी मिली:** कुछ देर बाद बदमाश वहां से चले गए। लोग बाहर निकलकर आए और पुलिस और मकान मालिक को घटना की सूचना दी। मौके पर एक पर्ची पड़ी हुई मिली, जिस पर कौशल चौधरी गैंग लिखा हुआ था। उस पर कौशल चौधरी के अलावा पवन शौकीन, सौरव गादोली, बंबीहा ग्रुप, भुप्पी राणा और सुखदेव बुद्ध का नाम था। घटना के कुछ देर बार कौशल चौधरी ग्रुप की तरफ से एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई। जिसमें उसने दुश्मन की मदद करने वाले को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

पुलिस शुरुआती जांच में यही मानकर चल रही है कि मकान मालिक को धमकाने के लिए घर पर फायरिंग की गई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आसपास के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# विशाल भण्डारे का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन में मंगलवार को मकर सक्रांति के उपलक्ष में न्यू मार्केट, सब्जी मण्डी रोड़ पर अग्रवाल ट्रेडिंग कम्पनी के द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है । यह भंडारा हर साल को मकर संक्रांति के दिन लगाया जाता है स भंडारा आयोजित करने वाले नितिन अग्रवाल और उमशंकर गोयल ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन हर साल शहर की सुख शांति व समृद्धि के लिए यह भंडारा आयोजित किया जाता हैस भंडारे में सुंदर बंसल, शंकर गुप्ता, अमन गुप्ता, संदीप कन्दोई,अजीत,अश्विनी अरोड़ा ,विनय मित्तल ,भानु आदि सेवाए दी । भंडार सुबह नौ बजे से शाम को 5 बजे तक चला,भंडारे में पूरी,छोले व सूजी का हलवा वितरण किया गया,भंडारा ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं को बैठाकर पूरी श्रद्धा के साथ खिलाया गया, उन्होंने बताया इस भंडारे में दो किवंटल आटे की पुड़िया,3 किवंटल सब्जी व दक किवंटल हलवा प्रशाद में वितरण किया गया ।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# पंतगोत्सव का आयोजन, नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित रेयान कॉलेज फॉर हॉयर एज्युकेशन में आज पंतगोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के विद्यार्थियों ने पतंगबाजी के माध्यम से न केवल मनोरंजन किया, बल्कि समाजिक मुद्दों पर जागरूकता भी फैलाने का प्रयास किया। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जिला कलक्टर द्वारा चलाए गए मानस अभियान से प्रेरणा लेकर नशा मुक्ति, शिक्षा, डिजिटल क्रांति, और साइबर फ्रॉड से संबंधित स्लोगन पतंगों पर लिखे और उन्हें आकाश में उड़ाया। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती सुमीना यादव ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हुआ। इस बार छात्रों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर संदेश देने के लिए पतंगों का उपयोग किया। पतंगों पर लिखे गए नारे जैसे ष्विकसित भारतष, नशा मुक्ति, मीडिया - वरदान या अभिशापष, स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत आदि समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से थे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों के बीच पतंगबाजी की एक रोचक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी चतुराई और कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संतोष राजपुरोहित ने उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के कारण मनाया जाता है। इस दिन दान-पुण्य करने को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। डॉ. राजपुरोहित ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अवसर पर समाज की भलाई के लिए कार्य करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। पंतगोत्सव के इस आयोजन में विद्यार्थियों ने ना केवल नशा मुक्ति और अन्य सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया, बल्कि महाविद्यालय में एकजुटता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा दिया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का भाव जागृत होता है। आयोजन के अंत में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पतंगों को आसमान में उड़ाया और इस पावन पर्व को धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम ने सभी को एकजुट होकर सामाजिक बदलाव की दिशा में कदम उठाने की प्रेरणा दी। इस आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षा और समाजिक संदेशों को फैलाने के लिए केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इस तरह के आयोजन सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बेहद प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# गौ सेवा कर जन्मदिन मनाया



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस क्लब सैंटर द्वारा मिर्जेवाला रोड पर स्थित गौ महल (गौशाला) में क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वाट्स का जन्मदिन गौसेवा कर मनाया। क्लब सचिव सचिन कुक्कड़ ने बताया कि इस अवसर पर दीपक वाट्स ने गायों के लिए 21 मैटर्स गौशाला को भेंट किए। गौ महल के संस्थापक दौलतराम अग्रवाल, प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा, जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा, क्लब सचिव सचिन कुक्कड़, कोषाध्यक्ष अनिल पाहुजा, पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ परविंदर लूणा व कमल चराया, मनोज मिड्ढा, पंकज नागपाल, एलडी शर्मा और राजीव छाबड़ा आदि सदस्यों ने भी गौ सेवा की। आशीष अरोड़ा ने कहा गाय कि सेवा करने से घर में सुख-समृद्धि और परिजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। सचिव सचिन कुक्कड़ ने गौ महल को एक तीर्थ बताते हुए लॉयन सदस्यों से आग्रह किया कि वे भी अपना व अपने परिजनों का जन्मदिन गौ सेवा कर मनाएं। अध्यक्ष श्याम गोस्वामी ने बताया कि दीपक वाट्स हर वर्ष क्लब के माध्यम से अपने जन्मदिन पर जरूरतमंदों में भोजन वितरण, कंबल वितरण व गौ सेवा आदि सेवा कार्य करते हैं। उनके जन्मदिन पर क्लब द्वारा वृद्धाश्रम में भोजन वितरण किया गया। श्री वाट्स ने हाल ही लॉयन इंटरनेशनल को जरूरतमंदों की सहायतार्थ एक हजार डॉलर देकर एमजेएफ की उपाधि प्राप्त की है। गौ महल के संस्थापक दौलतराम अग्रवाल ने उपस्थित लॉयन सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# मकर संक्रांति पर्व पर बच्चों ने पतंगों के माध्यम से दिया समाज को संदेश




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** लिटिल हार्ट पब्लिक सीनियर सेकंडरी विद्यालय में मकर संक्रांति पर्व व पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा दिव्या द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,कक्षा आठवीं की छात्रा अंकिता द्वारा जिंदगी को हां नशे को ना कहें मानस अभियान ,कक्षा दसवीं की छात्रा प्रिया द्वारा बेटी है तो कल है ,कक्षा नौवीं की छात्रा जय श्री द्वारा कन्या भ्रूण हत्या पाप है बंद करो कुप्रथा ,आयुषी भादू द्वारा लड़कियां पढेंगी तो बढ़ेगा भारत आदि विभिन्न प्रकार के संदेश देकर समाज को जागरूक किया । इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में गोचर करते हैं, जिसे उत्तरायण भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति को स्नान दान करने से कुंडली में कमजोर सूर्य की स्थिति मजबूत होती है साथ ही इससे जीवन में सुख समृद्धि में शांति बनी रहती है ।एकेडमिक डायरेक्टर वीरेंद्र वर्मा ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ को मकर संक्रांति की बधाई दी तथा बच्चों को पतंग बाजी करते समय सावधानी बरतने का संदेश दिया ।विद्यार्थियों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वीटी, डिंपल ,श्वेता, परमजीत ,रीमा, रूबीन ,हरप्रीत , पूजा ,शीतल, प्रियंका ,शहनाज ,शीनम रश्मि ,हिम्मत, विनय, जाकिर ,प्रजेश, मंजूर अली आदि उपस्थित रहे ।

# गार्ड को गोली मारकर 78 लाख की लूट

जनमार्ग न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जांगीर-चांपा में खोखरा स्थित शराब दुकान के पास दो बदमाशों ने शराब दुकानों से कैश कलेक्शन कर रही टीम से 78 लाख रुपए लूट लिए। बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड के पैर में गोली मारकर वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार कर करीब सा? शाम 5 बजे की है। कैश कलेक्शन टीम में ड्राइवर समेत 3 लोग थे। टीम ने कई शराब दुकानों से कैश कलेक्शन किया था। जो बोलेरो वाहन (ष्टत्त 12 8733) में रखा था। गाड़ी का डोर नहीं खोलने पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की। टीम सुबह 10 बजे कैश कलेक्शन करने निकली थी। इस टीम में कलेक्शन एजेंट धीरज सिंह के साथ ड्राइवर अमन सिंह और एक सिक्योरिटी गार्ड शैलेंद्र सिंह शामिल थे। ये टीम अलग-अलग जगह से कैश लेकर खोखरा स्थित शराब भट्टी पहुंची थी। शाम करीब 5 बजे जब टीम खोखरा शराब भट्टी दुकान पहुंची। इनमें से एजेंट धीरज सिंह और ड्राइवर अमन खोखरा की शराब दुकान से कैश लेने पहुंचे। वहीं गार्ड शैलेंद्र सिंह गाड़ी के बाहर ही खड़ा था। इसी दौरान दो युवक पहुंचे और गार्ड गाड़ी खोलने को कहा। इसी दौरान ड्राइवर अमन वापस आया तो देखा कि, गार्ड के साथ युवक बहस कर रहे थे। गार्ड शैलेंद्र सिंह ने जब गाड़ी खोलने से मना किया तो बदमाशों ने देशी कट्टे से उनके पैर में गोली मार दी। इसके बाद बदमाशों ने वाहन से पैसों की पेटी निकाली और रुपए बैग में भरकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। घायल गार्ड को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचीं थी। पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी की, सीसीटीवी फुटेज की जांच कर बदमाशों की तलाश में जुटी है।



# मांझे से युवक का गला कटा, मौतः रिश्तेदार को आंख के पास चोट आई

जनमार्ग न्यूज

**इंदौर।** इंदौर में मकर संक्रांति पर पतंग के मांझे से युवक का गला कट गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसा मंगलवार शाम करीब 5 बजे चंदन नगर में फूटी कोठी ब्रिज पर हुआ। पुलिस के अनुसार, 22 वर्षीय हिमांशु सोलंकी अपने रिश्तेदार विनोद के साथ एलपीजी सिलेंडर लेने जा रहा था। इसी दौरान मांझा उसके गले पर आ लगा। विनोद को भी आंख के पास चोट आई है। द्वारिकापुरी टीआई आशीष सप्रे ने बताया कि हिमांशु महू के भेरूलाल पाटीदार कॉलेज में फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। वह पिछले एक साल से सुदामा नगर के अन्नपूर्णा क्षेत्र में किराए पर रह रहा था। हिमांशु के पिता संजय मनावर में बैंककर्मी हैं। मां आंगनवाड़ी में काम करती हैं। छोटा भाई मनावर में ही 11वीं क्लास में पढ़ता है।

**परिजन का थाने के बाहर हंगामाः** पुलिस द्वारा सादी डोर से गला कटने की रिपोर्ट लिखने से गुस्साए हिमांशु के परिजन ने द्वारिकापुरी थाने पर शव रखकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जिस डोर से हिमांशु का गला कटा, वह चायनीज डोर थी। जब तक रिपोर्ट में चायनीज डोर से मौत होने की बात नहीं लिखी जाती, हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजन जय भीम और पुलिस-प्रशासन होश में आओ के नारे लगा रहे हैं।


मृतक- हिमांशु सोलंकी

इससे पहले परिजन ने पोस्टमार्टम रूम के बाहर हंगामा किया था। हिमांशु के चाचा सचिन कोचले ने कहा, जिस डोर से हिमांशु का गला कटा, वह चायनीज डोर थी। इसकी लंबाई 500 मीटर थी। हमने फोटो और वीडियो बनाकर टीआई और एसीपी को दिए, लेकिन पुलिस ने हमसे वे डिलीट करा दिए। पुलिस ने कहा कि रिपोर्ट में चायना डोर ही लिखा जाएगा लेकिन बाद में शिकायत में सादी डोर बताया गया।

# एमपी में हाईकोर्ट के 1 जज पर 14 हजार मामले: 4 लाख से ज्यादा केस पेंडिंग

## इस साल सीजे समेत 8 जजों की रिटायरमेंट

जनमार्ग न्यूज



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में लगातार बढ़ते मामलों और जजों की कमी का प्रभाव साफ देखा जा रहा है। वर्तमान में हाईकोर्ट में लगभग 4 लाख 62 हजार मामले पेंडिंग हैं। वहीं, न्यायाधीशों के कुल 53 स्वीकृत पदों में से केवल 33 जज ही कार्यरत हैं। 20 पद अभी भी खाली है। ऐसे में न्यायाधीशों पर प्रकरणों के निपटारे का भारी दबाव है। इसके अलावा, 2025 में चीफ जस्टिस के साथ 8 जस्टिस रिटायर हो रहे हैं।

**एक जज पर औसतन 14 हजार मामले**

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर सहित तीनों पीठों में कुल 4 लाख 62,000 हजार से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। न्यायाधीशों की कमी के कारण एक जज पर औसतन 14,000 मामलों का बोझ है। पेंडिंग मामलों की बढ़ती संख्या का एक मुख्य कारण न्यायाधीशों के रिक्त पद हैं। हालांकि, नए साल में नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, हाई कोर्ट कॉलेजियम ने वकीलों के कुछ नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को भेजे हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति के बाद ये नाम राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने की मांग की थी। वहीं, पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा भेजे गए कुछ नाम अब भी कानून विभाग के पास लंबित हैं।

**नाबालिग से दुष्कर्म के 4928 केस पेंडिंग,50प्रतिशत आरोपी जमानत पर**

दुष्कर्म पीड़ति नाबालिग बेटियों को प्रदेश में न्याय की सबसे बड़ी संस्था से भी न्याय के लिए सालों इंतजार करना पड़ रहा है। मप्र में पिछले 24 साल में पॉक्सो के 4,928 मामले हाई कोर्ट में लंबित हैं। इन मामलों में कुल 5,243 आरोपी हैं। इनमें से 2,650 जेल में बंद हैं, जबकि 2,593 (49.46प्रतिशत) जमानत पर आजाद हैं।

## रेलवे लाइन के पास मिला अधेड़ का शव

**हजारीबाग।** कटकामसांडी थाना क्षेत्र के बासंतपुर जंगल में रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात पुरुष का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पोल संख्या 63/08 और 54/09 के बीच मिले शव की उम्र लगभग 50 वर्ष आंकी गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संचालक नीरज कुमार और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए शव को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव की पहचान के लिए पुलिस ने 72 घंटे का समय निर्धारित किया है।

पुलिस और मुक्तिधाम सेवा संस्थान ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक की पहचान या घटना के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह कटकामसांडी थाना या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। मुक्तिधाम सेवा संस्थान की इस पहल से प्रशासन को घटना से निपटने में मदद मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## महाकुंभ में मॉडल को रथ पर बैठाने पर विवाद

**प्रयागराज।** महाकुंभ में 30 साल की मॉडल हर्षा रिछारिया को रथ पर बैठाने पर विवाद छि? गया है। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा- धर्म को प्रदर्शन का हिस्सा बनाना खतरनाक है। साधु-संतों को इससे बचना चाहिए, नहीं तो इसके गंभीर परिणाम भोगने होंगे। उन्होंने कहा- संतों को दिखावा करने के बजाय समाज को सही दिशा में मार्गदर्शन करना चाहिए। एक आचार्य महामंडलेश्वर द्वारा अपने रथ पर मॉडल को बैठाकर ले जाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे समाज में गलत संदेश फैलता है। फजीहत हुई तो हर्षा बोलीं- मैं साध्वी नहीं बता दें कि महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया की तीखी आलोचना हो रही है क्योंकि उन्होंने साधुओं के बीच अपनी छवि को चमकाने के लिए उनका रूप धारण किया था। सोमवार को कुछ न्यूज चैनलों ने उन्हें %सुंदर साध्वी% कहा। फिर सोशल मीडिया पर उनकी काफी फजीहत हुई। इसके बाद हर्षा ने खुद स्वीकार किया कि वह साध्वी नहीं हैं। उन्होंने कहा- मैंने कभी नहीं कहा कि मैं साध्वी हूं। मैंने बचपन से साध्वी होने का दावा नहीं किया है और अभी भी साध्वी नहीं हूं।

# 2 लड़कियों की मौत का लाइव वीडियो : मनाली घूमने गए थे

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार कार के पलटने से दो युवतियों की मौत हो गई। दोनों मनाली टूर से लौटकर बिलासपुर के रास्ते कोरबा जा रहे थे। इस घटना का अब वीडियो सामने आया है। घटना पाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों की पहचान मोनिका चटर्जी (26) और दीक्षा राठौर (23) के रूप में हुई है। दोनों कोरबा के एमपी नगर कॉलोनी में रहते थे। दीक्षा राठौर लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सीपी राठौर की बेटी थी। उसकी मां प्रधान पाठक है।

**कार की तफ्तार तेज थी, कंट्रोल नहीं कर पाए:** बताया जा रहा है कि, दोनों युवतियां अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने गई थी। मंगलवार को वापस आने पर बिलासपुर से अपने दोस्त देवराज के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर दोपहर करीब 3 बजे डिस्पोजल चौक के पास उनकी तेज रफ्तार कार अनकंट्रोल हो गई।



**कार के उड़े परखच्चे:** कार क्रमांक सीजी 12 एएल 2600 को देवराज चला रहा था। हाई स्पीड होने के कारण उसने कंट्रोल खो दिया जिससे कार स्किड होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। दोनों लड़कियों की मौके पर मौत हो गई। जबकि पुरानी बस्ती निवासी देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सीने और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

**आज होगा पोस्टमॉर्टम:** स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद चैतमा चौकी पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। मृतकों और घायल को 108 एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। उनके परिजनों को सूचना दी गई। आज बुधवार को शवों को पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

**जांच में जुटी पुलिस:** चैतमा चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांडे का कहना है कि, घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां घायल युवक से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि मनाली से लौट रहे थे। ओवर स्पीड के कारण हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# डॉक्टर की पत्नी की श्रीदेवी की तरह थाईलैंड में मौतलखनऊ पहुंचा शव

### पिता बोले-वो पानी से डरती थी; पति ने कहा-बाथटब में डूबी

**लखनऊ।** लखनऊ की प्रियंका की थाइलैंड में मौत हो गई। श्रीदेवी की तरह होटल के बाथटब में शव मिला। प्रियंका अपने डॉक्टर पति आशीष और बच्चों के साथ घूमने गई थीं। प्रियंका का शव देर रात थाईलैंड से लखनऊ पहुंचा। प्रियंका के पिता ने फिर से पोस्टमॉर्टम कराने की तहरीर दी है।



सोमवार को प्रियंका के पिता ने पीजीआई थाने में दामाद पर बेटी की हत्या का करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पिता का आरोप है कि दामाद बेटी को थाईलैंड घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया। जहां उसकी हत्या करके खुद लखनऊ आ गया। पूरे में मामले प्रियंका के डॉक्टर पति का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। पूरा परिवार सिर्फ बदनाम कर रहा है। हमारे पास सभी एवीडेंस हैं, जो पुलिस की जांच में दिए जाएंगे।

# क्राइम-पेट्रोल देखकर सराफा कारोबारी को मार डाला : मास्टरमाइंड मुंबई से अरेस्ट

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में लूट करने गए नकाबपोशों ने सराफा कारोबारी गोपाल राय की हत्या कर दी। अब मास्टरमाइंड (पूर्व ड्राइवर) सूरज पूरी गोस्वामी को मुंबई के पनवेल से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने टीवी शो क्राइम पेट्रोल देखकर हत्या करने की साजिश रची थी। वारदात के बाद सूरज गिरफ्तारी की डर से मुंबई भाग गया था। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि, आरोपी का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इससे मुक्ति पाने के लिए सूरज ने अपने छोटे भाई आकाश पुरी गोस्वामी (व्यवसायी का ड्राइवर) और अपने दोस्त मोहन मिंज के साथ मिलकर लूटपाट की योजना बनाई। आरोपियों का इरादा था कि, दुकान की चाबी लेकर रात में जेवरात लूट लेंगे, लेकिन यह साजिश हत्या में बदल गई। पुलिस ने मंगलवार को एपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हाई-प्रोफाइल हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**कारोबारी के घर के आसपास छिपे थे आरोपी**

सूरज पहले कारोबारी गोपाल राय का ड्राइवर था। अभी उसका भाई आकाश ड्राइवरी कर रहा था। साजिश में साथी मोहन मिंज को भी मिला लिया। 5 जनवरी को सूरज और मोहन प्लान के तहत कारोबारी के घर के पास निर्माणाधीन मकान और बगल के मंदिर में छुप गए।

रविवार रात करीब 9-45 बजे आकाश ने कारोबारी को घर छोड़ा। बरामदे में एंगल पर चाबी हैंग कर चला गया। फिर इसकी जानकारी अपने दोनों साथियों को दी। उन्हें बताया कि, सेठ की पत्नी बीमार है। वो अपने कमरे में सो रही है। बेटा बाहर गया हुआ है।

घर में घुसकर सूटकेस में रखे दुकान की चाबी ले आओ और घर के बाहर खड़ी क्रेटा कार लूटकर 2 किमी दूर उसके ज्वेलरी दुकान आ जाना। आधी रात को दुकान खोलकर सोने-चांदी के जेवरात लेकर भाग जाएंगे।

**चाबी लूटने घुसे, विरोध करने पर मारा चाकू**

जब नाकाबपोश सूरज और मोहन घर के अंदर चाबी लूटने घुसे, तो सेठ ने सूरज को देख लिया। विरोध करने पर धक्का-मुक्की हो गई। पहचान उजागर होने पर सूरज ने चाकू से कारोबारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वो लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। दोनों आरोपी बाहर से घर बंद कर भाग गए। 10 मिनट में ही यह पूरी वारदात हुई है।

रात करीब 10 बजे बेटा घर पहुंचा। दरवाजा खोलकर अंदर घुसा तो पिता खून से लथपथ पड़े थे। आनन-फानन में अपनी कार से अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी। बेटे ने ड्राइवर से पूछा तो चाबी घर पर छोड़कर चले जाने की बात कही।

**बालको के बस्ती में कार छोड़कर भागे आरोपी**

आकाश को पता चल गया कि, कारोबारी की मौत हो गई है, पकड़े जाएंगे। इसलिए अपने साथियों को फोन कर कहा कि, कार लेकर बालको की ओर आओ। वहां गाड़ी खड़ी कर घर चले जाएंगे। फिर प्लान के तहत बालको रिसदा बस्ती में एक घर के बाहर क्रेटा कार खड़ी कर तीनों बाइक से अपने-अपने घर चले गए। वहीं, अटैची, फोन और डीवीआर को दर्री डैम में फेंक दिया।

**ड्राइवरों पर भरोसा नहीं, इसलिए बदल देता था कारोबारी**

बताया जा रहा है कि, कारोबारी को अपने ड्राइवर पर भरोसा नहीं रहता था। इसलिए अधिकतर ड्राइवरों को बदलते रहता था। सूरज पूरी गोस्वामी पहले ड्राइवर था। लेकिन लापरवाही बरतने पर उसे निकाल दिया गया था। अभी 3 महीने ही उसका भाई आकाश ड्राइवर बना था।

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया

**केपटाउन।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र में अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के पहले घरेलू मैच में खचाखच भरे स्टेडियम में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद में 59 रन बनाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रासी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद में 43 रन की पारी खेली। दोनों ने 54 गेंद में 78 रन की साझेदारी की। इसके बाद डेलानो पोटगीटेर ने 18 गेंद में 29 रन बनाये।

### रोहित ने मुंबई रणजी टीम के साथ किया अभ्यास



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया। सैंतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाये और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह अभ्यास सत्र में भाग लिया।

### कर्नाटक के खिलाफ पंजाब से रणजी मैच खेलेंगे गिल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिये खेलेंगे। गिल ने आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों में सिर्फ 93 रन बनाये और उनका सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। पंजाब की टीम का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार गिल ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

## क्रिकेट : राजकोट के सौराष्ट्र स्टेडियम में खेला जाएगा मैच

# तीसरा वनडे आज : आयरलैंड को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶ राजकोट

भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम आयरलैंड महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला आज 15 जनवरी बुधवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को दूसरे वनडे में भी हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

भारतीय टीम का इरादा अब क्लीन स्वीप करने का है। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी।

### मंधाना और प्रतीका की जोड़ी पर नजरें

चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिये 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है।



### हरलीन और जेमिमा भी शानदार लय में

हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया। रौड्रिग्स ने कहा यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। शुरूआत में मैंने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिये क्रीज पर डटे रहना जरूरी था। मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी। मुझे खुशी है कि आज ऐसा कर सकी।

### शेफाली-हरमन की कमी पूरी कर रहीं तेजल

अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसंबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर मौजूदगी में प्रतीका जैसे नये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की।

### गेंदबाजी के मामले में थोड़ी ढीली है भारतीय टीम

भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला। भारत को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की कमी खल रही है। पूजा वस्त्राकर की चोट ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दीप्ति शर्मा ने अब तक चार विकेट लिये हैं लेकिन प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे और टिटास साधू प्रभावित नहीं कर सकीं हैं।

**भारत:** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

**आयरलैंड:** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कुल्टर रीली, अलाना डाल्जेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल। मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा।

## आईसीसी

# बुमराह - ऐनाबेल ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने दिसंबर 2024 के लिए भारतीय दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी महिला वर्ग में इस बार यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को मिला।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में झटके थे 22 विकेट

*बुमराह ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए थे।उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट प्रारूप में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे।*

## मुक्केबाजी

# जामवाल ने स्वर्ण जीता, सेना को लगातार तीसरा टीम खिताब

एजेंसी ▶▶ बरेली

हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में वेल्टरवेट (60 से 65 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया। मौजूदा चैम्पियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी।

सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह, ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और पूर्व विश्व चैम्पियन स्वीटी बूरा मौजूद थे।



# पत्नी को संग ले जाने वाले क्रिकेटरों के लिए नियम किए गए और सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से बीसीसीआई ने अपने सख्त तेवर दिखाए हैं और प्लेयर्स पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है।

भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खेल का रिव्यू करने के बाद कारणों पर चर्चा की गई और कुछ नियमों को भी लागू करने का फैसला लिया गया है। भारतीय टीम के खिलाड़ी विदेश दौरे पर अपनी पत्नियों और परिवार के सदस्यों को लम्बे समय तक नहीं रख पाएंगे। इसके लिए कुछ दिनों का निर्धारण किया गया है। अतिरिक्त समय प्लेयर्स को अकेले ही रहना होगा और फोकस भी खेल पर रहेगा।



### कड़े फैसलों पर एक नजर

अगर टूर्नामेंट 45 दिनों के लम्बे समय के लिए है, तो परिवार के सदस्यों को सिर्फ 14 दिनों तक ही खिलाड़ियों के साथ रहने की अनुमति होगी। अगर दौरा थोड़ा छोटा है, तो दिनों की संख्या कम करते हुए 7 हो सकती है। पूरे टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की पत्नियाँ साथ में नहीं रह सकती हैं। सभी प्लेयर्स को टीम बस में ही सफर करना होगा। अभी कोई अपनी गाड़ी से आ रहा है, तो कोई किसी अन्य साधन से आ रहा है। ऐसा पहले नहीं होता था। गौतम गंभीर के पर्सनल मैनेजर को वीआईपी बॉक्स में बैठने की अनुमति नहीं होगी। उनको टीम बस में जाने की अनुमति भी नहीं होगी। उनको अलग होटल में ही ठहरना होगा। अगर प्लेयर्स के सामान का वजन 150 किलोग्राम से ज्यादा होता है तो बीसीसीआई अतिरिक्त चार्ज नहीं देगी। प्लेयर्स को खुद ही इसका भुगतान करना पड़ेगा।

# आस्ट्रेलियाई ओपन : बोपन्ना-बेरियेंतोस की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न



दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कंबोडिया के उनके नये जोड़ीदार निकोलस बेरियेंतोस की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना और बेरियेंतोस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जाउमी मुनार ने 7-5, 7-6 से हराया। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से हारकर बाहर हो गए।

# अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त व चिट्टा सहित तीन गिरफ्तार

- सुरतगढ़ शहर व रामसिंहपुर पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई

**जनमार्ग न्यूज।**





**श्रीगंगानगर।** जिले में नशे व अवैध तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सूरतगढ़ शहर व रामसिंहपुर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को 50 ग्राम चिट्टा व 4 किलो 120 ग्राम अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ शहर थाना पुलिस के उपनिरीक्षक सम्पतराम उनि ने मय थाना स्टाफ दौराने गश्त सड़क आम पर करणी माता मंन्दिर के पास सूरतगढ़ से आरोपी मुकेश कुमार पुत्र गुलशन कुमार निवासी वार्ड न. 21 हनुमानगढ़, पंकज पुत्र सतपाल निवासी वार्ड न. 26 हनुमानगढ़ के कब्जा से अवैध मादक पदार्थ 50 ग्राम चिट्टा (स्मैक) बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। सूरतगढ़ शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच राजियासर थानाधिकारी सतीश यादव को सौंपी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सम्पतराम, सुरेश कुमार कानि, विकाश कानि, रामकुमार कानि, नटवरलाल कानि, महेश यादव कानि, टवरलाल कानि. व महेश यादव कानि शामिल रहे। इसी प्रकार एक अन्य मामले में रामसिंहपुर पुलिस थाना की उपनिरीक्षक सुसुमन परिहार ने गश्त के दौरान रामसिंहपुर के नजदीक 61 जीबी मोड से आरोपी फतेह सिह पुत्र फुमनसिह निवासी 01 एलएसएम बांडा कालोनी, अनूपगढ के कब्जे से 04 किलो 120 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफतार किया। रामसिंहपुर पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच विजयनगर पुलिस थानाधिकारी गोविंदराम को सौंपी गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में रामसिंहपुर थानाधिकारी उपनिरीक्षक सुसुमन परिहार, शलैन्द्र कुमार कानि, राकेश कुमार कानि, पूनमचन्द कानि व कांस्टेबल विजय सिह शामिल रहे। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# श्रीगंगानगर-कोटा रेलगाड़ी में 20 लाख के जेवरात चोरी

- तड़के एक से चार बजे के दौरान मकराना-मेड़ता रोड के बीच हुई घटना
- अबोहर निवासी परिवार जा रहा था जयपुर

**जनमार्ग न्यूज**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर-कोटा एक्सप्रेस रेलगाड़ी (ट्रेन संख्या 22998) में यात्रा कर रहे एक परिवार के लगभग 20 लाख रुपए मूल्य के स्वर्ण जेवरात चोरी हो गए।यह घटना तड़के एक से चार बजे के दौरान मकराना- मेड़ता रोड रेलवेस्टेशनों के बीच हुई। श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुए परिवार के सदस्यों के साथ चोरी की यह बड़ी घटना हुई है। इस संबंध में जयपुर के जीआरपी थाना ने 0 नंबर मुकदमा दर्ज कर मेड़ता रोड जीआरपी थाना को भेजा है। जीआरपी थाना पुलिस चोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 जनवरी की शाम को श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन से कोटा जाने वाली रेलगाड़ी में गगनदीप सेठी (51) पुत्र ओमप्रकाश निवासी गली नंबर 8 न्यू सूरज नगरी, अबोहर जिला फाजिल्का (पंजाब) अपनी पत्नी पूजा रानी और बहन पूनम आहूजा के साथ जयपुर के लिए रवाना हुआ था। यह परिवार सेकंड क्लास एसी कोच ए1 में सवार हुआ। रात लगभग 11 बजे ट्रेन के बीकानेर पहुंचने पर गगनदीप सेठी की दूसरी बहन अन्नू अपने बेटे विनायक के साथ भी इसी कोच में जयपुर जाने के लिए सवार हुई। गगनदीप की तीसरी छोटी बहन की शादी हाल ही जयपुर हुई है। शादी के बाद लोहड़ी का पहला पर्व आने पर यह परिवार उनके यहां जा रहा था। गगनदीप सेठी ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा ने अपने पर्स में लगभग 25 तोला सोने के जेवरात रखे हुए थे।जेवरों में एक चोकर सेट, बाजूबंद, चैन, एक कड़ा जिसमें मोर बना हुआ था, चार जोड़ी टॉप्स, गणेश जी की मूर्ति वाला एक लॉकेट और चार अंगूठी आदि शामिल थे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** मटीली राठान कस्बे में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गए।पुलिस ने दोनों तरफ से दी गई रिपोर्ट के आधार पर परस्पर मुकदमे दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार रामजीलाल बावरी ने रिपोर्ट दी है कि 12 जनवरी की शाम को बगीचासिंह,गोल्डी और उनके दो-तीन साथी गंडासी, बरछी, तलवार व अन्य धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके सिर में बरछे से वार कर दिया। उसका बेटा बीच बचाव करने लगा तो उसे भी घायल कर दिया। उसकी पत्नी विमला के भी उक्त लोगों ने चोटे मारीं। दूसरी तरफ बगीचासिंह ने रामजीलाल और साहबराम आदि सात-आठ व्यक्तियों पर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार बगीचासिंह ने आरोप लगाया है कि उसे व्यक्तियों ने मारपीट करते हुए उसके सिर पर बांधी पगड़ी को उतार दिया और उसके केश बिखेर दिए।

# चचेरे भाई की हत्या का प्रयास करने के आरोप में दो भाई गिरफ्तार



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** सिर में लोहे की राड घातक वारकर चचेरे भाई की हत्या का प्रयास करने की घटना में पुलिस ने आरोपी दो भाइयों को गिरफ्तार किया है।पुरानी आबादी थाना पुलिस के मुताबिक प्रवीण कुम्हार (42)तथा ओमशप्रकाश उर्फ भाया कुम्हार (39)निवासी गली नंबर 4/5 माइक्रोवेव टावर के समीप को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने इन दोनों भाइयों को न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं। यह घटना विगत 13 दिसंबर की रात लगभग 8 बजे घटित हुई। इन दोनों भाइयों ने अपने चचेरे भाई विक्की से झगड़ा करते हुए उसके सिर में लोहे की रोड से घातक चोट मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। विक्की के पिता छगनलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 18 दिसंबर को प्रवीण तथा ओमप्रकाश पर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसकी जांच हवलदार धर्मपाल को दी गई। पुलिस के अनुसार विक्की की इंजरी रिपोर्ट प्राप्त होने पर मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा 109(1) भी जोड़ दी गई। इंजरी रिपोर्ट में बताया गया कि सिर में लगी चोट जानलेवा थी। मामला हत्या के प्रयास में तब्दील होने पर जांच एएसआई प्रमोद कुमार वधवा को दे दी गई।

## कार-बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में भादरा थाना क्षेत्र में हिसार बाईपास मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक घायल हो गए,जिनमें एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। दूसरा गंभीर हालत में उपचाराधीन है।पुलिस ने बताया कि भादरा-हिसार बाईपास पर अजय होटल के पास यह दुर्घटना कल मंगलवार दोपहर को हुई।गांव मुंसरी निवासी कश्मीरीलाल और उसका चचेरा भाई ताराचंद सांसी मोटरसाइकिल पर गांव में फेरी लगाकर सामान बेचने के लिए निकले हुए थे। हिसार बाईपास पर अजय होटल के नजदीक सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से दोनों बुरी तरह से घायल हो गए।

# माघी के दिन समेजा कोठी से निकला चौथा महान नगर कीर्तन



**समेजा कोठी (जनमार्ग न्यूज)।** गुरुद्वारा सिंह सभा समेजा की तरफ से धन गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश दिहाड़े व माघी के दिहाड़े के मध्यनजर मंगलवार को चौथा महान नगर कीर्तन निकाला गया।नगर कीर्तन समेजा कोठी के श्री गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर लालपुरा, 5 एलपीएम, 18 पीटीडी, 9 एलपीएम, 24, 22 पीटीडी, 19, 16 पीटीडी होते हुए शाम को वापिस समेजा कोठी गुरुद्वारा साहिब पहुंचा।नगर कीर्तन में सैकड़ों महिला, पुरूषों ने भाग लिया। नगर कीर्तन के दौरान जगह जगह संगत का स्वागत किया गया।गुरुद्वारा कमेटियों व ग्रामीणों ने चाय नाश्ता,दूध व मिष्ठान,लंगर का संगत को प्रसाद वितरण किया गया। वही गतका पार्टी ने अपने जौहर दिखाए।

# डोडा पोस्त की तस्करी करते दो आरोपी कार सहित काबू

- घमूड़वाली पुलिस थाना व जिला विशेष टीम की संयुक्त कार्यवाही

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** पुलिस उप महानिरीक्षक सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत घमूड़वाली पुलिस ने 44 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त व कार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमूड़वाली थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार मय पुलिस जाब्ते ने गांव 74 एलएनपी के पास से एक होंडा सिटी कार में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका 44 किलोग्राम का परिवहन करते हुए आरोपी अमरजीत सिंह पुत्र कशमीर सिंह निवासी कमलावाला, खुईखेडा पंजाब व हरविन्द्र सिंह पुत्र मंगा सिंह निवासी परतेवाला, खुईखेडा पंजाब को गिरफ्तार किया को अवैध पोस्त बरामद गिरफ्तार तथा कार को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ घमूड़वाली पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में घमूड़वाली थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल अंबालाल, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल हरीराम व कांस्टेबल सरजीत तथा जिला विशेष टीम से उपनिरीक्षक रामविलास बिश्नोई, एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, कांस्टेबल पवन, कांस्टेबल अजयप्रताप, कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल दयाराम, कांस्टेबल कैलाश मौजूद रहे।

## नवजन्मे में बेटे की पहली लोहड़ी पर परिवार जनों में झगड़ा

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** नवजन्मे बेटे की पहली लोहड़ी पर धूमधाम से उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा हुए परिवार जनों में ही झगड़ा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति सर में गहरी चोट लगने से घायल हो गया। उसके सिर में चार-पांच टांके आए हैं। इस संबंध में मारपीट करने के आरोप में परस्पर मुकदमे दर्ज हुए हैं। घटना जिले के रामसिंहपुर कस्बे की है। जांच कर रहे एएसआई चुन्नीलाल ने बताया कि रामसिंह पूर्व के वार्ड नंबर 9 में दुर्गा मंदिर के नजदीक रहने वाले मनप्रीत नागपाल (40) के तीन बेटियों के बाद बेटा हुआ है। बेटे की पहली लोहड़ी आने पर मनप्रीत नागपाल ने परसों 13 जनवरी को अपने निवास पर पार्टी रखी, जिसमें उसकी हुआ मंजू अपने बेटे डेविड कामरा के साथ आई हुई थी। पार्टी में अन्य अनेक लोग भी आए हुए थे। इसी दौरान ही मनप्रीत नागपाल का अपनी हुआ मंजू और उसके बेटे डेविड से झगड़ा हो गया, जिसमें मनप्रीत के सिर में ईंट की चोट लगी। वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

# कार्यालय भवन स्थल की कांग्रेसजनों ने की साफ-सफाई

- गणतंत्र दिवस पर शुरू होगा भवन निर्माण अभियान

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सुखड़ियानगर मार्ग पर वर्षों से प्रस्तावित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय भवन स्थल पर आज जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी के नेतृत्व में अनेक कांग्रेस जनों ने श्रमदान किया। इस स्थल की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी जगह पर जिला कांग्रेस द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी भवन निर्माण का अभियान प्रारंभ हो जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकुर मिगलानी ने बताया कि नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के फिरोजशाह कोटला मार्ग पर आज से नए कार्यालय भवन की शुरुआत होने से प्रेरणा लेकर श्रीगंगानगर में वर्षों से प्रस्तावित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय भवन निर्माण का उन्होंने बीड़ा उठाया है। इस स्थल पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 10 अप्रैल 2013 को जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास किया था। मांगी गई है। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को जिला कांग्रेस द्वारा इसी कार्यालय भवन प्रस्तावित स्थल पर ध्वजारोहण कर गणतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। । कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अमित नागपाल ने बताया कि आज इस स्थल पर साफ सफाई के लिए वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भीमराज डाबी, संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, नवनियुक्त शहर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़, देहात ब्लॉक अध्यक्ष श्याम पुन्यानी, मिर्जावाला ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद मिर्जावाला,जिला परिषद के डायरेक्टर सुखप्रीतसिंह,पार्षद प्रतिनिधि हरीश अरोड़ा काकू, सोहनलाल नायक, डॉ. बलदेव बवेजा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बनवारीलाल बिश्नोई, ईशानवीरसिंह मान, नवाब चौपदार, इंटक नेता गोपालसिंह टक्कर, रोशनलाल चौहान तथा सुखराम जोइया आदि अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।ह्य

## बदमाश घर में तोड़फोड़ कर मोटरसाइकिल ले गए

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी में परसों सोमवार लोहड़ी की रात को लगभग 10-12 बदमाश युवक एक घर में तोड़फोड़ करने के बाद वहां खड़ा एक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर 8 निवासी भंवरलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर लक्की और गुरदीप सहित 10-12 बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।भंवरलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि वह परसों सोमवार रात 8 बजे किसी काम से बाजार गया हुआ था। घर में उसकी बुजुर्ग मन भागो देवी अकेली थी। तभी लक्की उर्फ गुरदीप तथा उसके साथ 10-12 बदमाश आए और जबरदस्ती घर में घुस गए। उन्होंने घर पर ईंट पत्थर से पथराव किया।

## जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 18 को

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 शनिवार को जिले के 22 केन्द्रों पर आयोजित होगी। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने परीक्षा कार्य के लिये नियुक्त समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि परीक्षा की गोपयनीयता व संवेदनशीलता के मद्देनजर पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय परित्याग नहीं करेंगे। परीक्षा डयूटी संबंधी किसी प्रकार की लापरवाही व अनियमितता की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# साइबर अपराध से बचने के लिए सावधानी जरूरी

- साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा सेमिनार में बताए साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** जिला पुलिस और रोटरी क्लब की ओर से बुधवार को साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा पर सेमनार हुई। मुख्य अतिथि एसपी गौरव यादव की मौजूदगी में हुए आयोजन में साइबर अपराध से बचने के तरीकों की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा के तरीकों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षु आईपीएस डॉ.अजयसिंह ने साइबर अपराध में उपयोग होने वाली तकनीकों को बारे में बताते हुए कहा कि साइबर अपराधी लालच देकर लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। ऐसे में अगर आम आदमी सावधान रहेगा तो साइबर ठग अपने इरादों में कामयाब नहीं हो पाएंगे। साइबर अपराधी अंजान लिंक के जरिए जाल में फांसने का प्रयास करते है। लॉटरी का झांसा देते हैं। नौकरी का झांसा देते हैं और न जाने कितने ही तरीके के प्रलोभन देकर फंसाने का प्रयास करते हैं। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर एएसपी रघुवीर प्रसाद शर्मा, राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी सुरेंद्र चौधरी का कार्यक्रम में पहुंचने पर रोटरी क्लब अध्यक्ष जेएस कोचर ने सम्मान किया। ट्रैफिक इंचार्ज रघुवीरसिंह बीका ने यातयात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के सड़क हादसे का शिकार होने पर आसपास के निकलने वाले लोग उसका सहयोग करने की बजाय वीडियो बनाना शुरू कर देते हैं। आम आदमी को पीड़ित के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। जिससे कि पीड़ित को तुरंत इलाज मिल सके। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट सहित कई विषयों पर जानकारी दी।

## बाईपास पर किरयाना की दुकान में चोरी

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सदर थाना अंतर्गत सूरतगढ़- हनुमानगढ़ बाईपास पर चक 4-एमएल में किरयाना की एक दुकान में चोरी की घटना हो गई। पुलिस के अनुसार चक 4-एमएल बाईपास पर स्थित अशोक किरयाना स्टोर के संचालक अशोक कुमार निवासी चक 1-जी(छोटी) हरिराम की ढाणी ने रिपोर्ट देते बताया कि 13- 14 जनवरी की रात लगभग 4 बजे अज्ञात व्यक्ति दुकान के ताले तोड़कर 4 किलो देसी घी, 14 किलो सरसों तेल, सिगरेट के 28 पैकेट रेवड़ी-गजक आदि के पैकेट और 2500 रुपए गल्ले में से नगद चोरी कर ले गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दुकान और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में संदिग्ध कर दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान कर धरपकड़ करने के प्रयास किया जा रहे हैं। घटना की जांच हवलदार बंतराम को दी गई है।

## पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 17 को

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाओं हेतु पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 17 जनवरी 2025 को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक नगरपालिका परिसर सूरतगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बनीवाल ने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते में जुड़ा हुआ है) साथ में लेकर 17 जनवरी 2025 को नगरपालिका सूरतगढ़ में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692